


शुक्रवार 07 नवंबर 2025
सूर्योदय प्रातः 06:35 बजे
सूर्यास्त सायं 17:32 बजे

www.khabariya.com

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 परमाणु संकट की ओर धकेलने की इजाजत नहीं दे सकते

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्षः 17 | अंक : 021 | गाजियाबाद, शुक्रवार 07 नवंबर 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







# बिहारः प्रथम चरण की 121 सीटों पर 65 प्रतिशत मतदान

## 1314 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद

वेबवार्ता. पटना

बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में त्रिशतरीय कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को 121 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दिया।

प्रथम चरण के चुनाव में कुल तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं के करीब 65 प्रतिशत वोटरों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बिहार के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव,राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव समेत 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया।



प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुयी। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर,मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया, वहीं अन्य सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ। आज के मतदान में जिन दिग्गजों की किस्मत का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें राजग से दोनों उप मुख्यंमत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार,मंगल पाण्डे,मदन सहनी, नितिन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सदा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता,संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव,श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं।

इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी,डा. रामानंद यादव, वीणा देवी, ललित कुमार यादव, विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव,आलोक मेहता,भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव,अवधेश राय शामिल है। इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे,आनंद मिश्रा, वी.के. रवि, जयप्रकाश सिंह, आर.के.मिश्रा, राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला भी आज मतदाताओं ने ईवीएम में बंद कर दिया।

प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 57, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। वहीं महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 71, कांग्रेस के 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 14, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तीन-तीन उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में थे। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाया ।

बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

## पीएम आठ नवंबर को चार नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ नवंबर को चार नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि ये नई ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। श्री मोदी शनिवार सुबह लगभग 8:15 बजे वाराणसी में एक समारोह के दौरान वाराणसी-खजुराहो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। अन्य तीन ट्रेनों को वह वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीएमओ ने बताया कि यह विश्वश्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को आसान, तेज और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक और मील का पत्थर है। इन ट्रेनों से संबंधित प्रमुख शहरों के बीच यात्रा में लगने वाला समय कम होगा और पर्यटन तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है :राहुल गांधी

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। अररिया आजाद एकेडमी के मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया और बिहार सरकार के साथ केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन नहीं होने की बात बिहार सरकार करती हैं, दूसरी ओर अडानी को सौ एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। सरकार के कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री पर नफरत की राजनीति करने की बात कही। राहुल गांधी ने जंगलराज के मामले में कहा कि नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और नीतीश कुमार जंगलराज की बात करते हैं।

## ईडी का अनिल अंबानी को समन, मनी लॉनड्रिंग मामले में 14 नवंबर को होगी पूछताछ

✷ **एनसीआर टुडे. नई दिल्ली** ✷। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को उनके समूह के खिलाफ चल रहे मनी लॉनड्रिंग मामले के लिए एक बार फिर से समन भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, सरकारी जांच एजेंसी अनिल अंबानी से 14 नवंबर को पूछताछ करेगी। यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है, जब ईडी ने इस सप्ताह की शुरुआत में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी में 4,462.81 करोड़ रुपए मूल्य की 132 एकड़ से अधिक जमीन को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इससे पहले ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में 3,083 करोड़ रुपए की 42 संपत्तियों को जब्त किया था।

## गेंदबाजों के दम पर भारत ने बनाई 2-1 की बढ़त

✷ **वेबवार्ता. करारा (ऑस्ट्रेलिया)** ✷। करारा (ऑस्ट्रेलिया) 06 नवंबर (वार्ता) वॉशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को 48 रन से हराकर सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली। भारत ने शुभमन गिल (46), अभिषेक शर्मा (28),शिवम दुबे (22), कप्तान सूर्यकुमार यादव (20) और अक्षर पटेल (नाबाद 21) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 20 ओवरों में आठ विकेट पर 167 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया।

## भारत में निर्मित हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' को नौसेना ने अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारतीय नौसेना ने अपनी जल सर्वेक्षण क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को कोच्चि के नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है।

दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनने वाला यह सर्वेक्षण पोत समुद्री क्षेत्रों का अन्वेषण करने के साथ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा।

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप निडर भावना, साहस और दृढ़ता के साथ नाविकों को महासागरों के पार सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करके 'इक्षक' के आदर्श वाक्य 'निर्भय वीर पथ प्रदर्शक' पर खरा उतरेंगे।

नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे क्षमता वृद्धि और आत्मनिर्भरता की गति को बल मिलेगा। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड में जहाज उत्पादन निदेशालय और युद्धपोत निरीक्षण दल की देखरेख में निर्मित इक्षक में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।

यह 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की सफलता के साथ-साथ जीआरएसई और देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच सशक्त होते सहयोग व तकनीकी सामंजस्य का प्रमाण है। जहाज का नाम 'इक्षक' इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका अर्थ 'मार्गदर्शक' है।

यह नाम जहाज के मिशन का प्रतीक है, जिसका कार्य अज्ञात का पता लगाना, नाविकों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करना और भारत की समुद्री शक्ति को मजबूत करना है। जल सर्वेक्षण कार्यों की अपनी प्राथमिक भूमिका के अलावा इक्षक को दोहरी भूमिका क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है।

## ईडी का अनिल अंबानी को समन, मनी लॉनड्रिंग मामले में 14 नवंबर को होगी पूछताछ

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को उनके समूह के खिलाफ चल रहे मनी लॉनड्रिंग मामले के लिए एक बार फिर से समन भेजा है। सूत्रों के मुताबिक, सरकारी जांच एजेंसी अनिल अंबानी से 14 नवंबर को पूछताछ करेगी। यह खबर ऐसे समय पर सामने आई है, जब ईडी ने इस सप्ताह की शुरुआत में धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी में 4,462.81 करोड़ रुपए मूल्य की 132 एकड़ से अधिक जमीन को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

इससे पहले ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में 3,083 करोड़ रुपए की 42 संपत्तियों को जब्त किया था।ईडी बयान में कहा गया, "अब तक 7,545 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति को जब्त किया जा चुका है। प्रवर्तन निदेशालय वित्तीय अपराध करने वालों की सक्रियता से तलाश कर रहा है और अपराध से प्राप्त राशि को उनके वाश्तविक दावेदारों को वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

सरकारी एजेंसी की ओर से जांच सीबीआई की एफआईआर के बाद शुरू की गई थी। सीबीआई द्वारा अनिल अंबानी, आरकॉम और अन्य के खिलाफ एफआईआर आईपीसी की धारा-120-बी, 406 एवं 420, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1989 की धारा 13(2) के तहत दर्ज की गई है।

बयान में आगे कहा गया, आरकॉम और उनकी ग्रुप कंपनियों की ओर से 2010-2012 के बीच घरेलू और विदेशी बैंकों से भारी मात्रा में लोन लिए गए थे, जिसमें से 40,185 करोड़ रुपए बकाया रह गए थे। पांच बैंकों ने ग्रुप के बैंक खातों को फ्रॉड घोषित कर दिया था।

## मुर्मु 8 नवम्बर को अंगोला और बोत्सवाना की छह दिन की यात्रा पर जाएंगी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 8 से 13 नवम्बर तक अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर जाएंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की इन देशों की पहली यात्रा है।

उनकी यात्रा का उद्देश्य अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनकी विकास यात्रा में साझीदार बनने के भारत के दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करना है। राष्ट्रपति यात्रा के पहले चरण में अपने अंगोलाई समकक्ष के निमंत्रण पर 8 से 11 नवंबर तक अंगोला की यात्रा करेंगी इसके बाद दूसरे चरण में वह बोत्सवाना के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 11 से 13 नवंबर तक बोत्सवाना की यात्रा पर रहेंगी।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) सुधाकर दलेला ने गुरुवार को यहां एक विशेष ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा

अंगोला में श्रीमती मुर्मु अंगोला के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। वह 11 नवंबर को अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होंगी। वह अंगोला की संसद को संबोधित करने के साथ साथ अंगोला में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगी।

यात्रा के दूसरे चरण में राष्ट्रपति अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। दोनों नेता निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा और लोगों के बीच परस्पर संबंधों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों पर चर्चा करेंगी।

श्रीमती मुर्मु बोत्सवाना की राष्ट्रीय सभा को संबोधित करेंगी और सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का दौरा करेंगी।

## ईडी ने धन शोधन मामले में क्रिकेटर रैना और धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की




✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरूवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की। कुर्की में सुरेश रैना के नाम पर 6.64 करोड़ रुपये मूल्य के म्यूचुअल फंड निवेश और शिखर धवन के नाम पर 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति शामिल है।

ईडी ने यहां जारी एक बयान में दोनों क्रिकटरों की चल और अचल संपति की कुर्की की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी जाँच विभिन्न राज्य पुलिस एजेंसियों द्वारा अवैध अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म 1xबीईटी के खिलाफ दर्ज की गयी कई प्राथमिकियों पर आधारित है। गौरतलब है कि 1xबीईटी एक ऑनलाइन जुआ कंपनी है। कंपनी की स्थापना 2007 में हुई थी और इसका मुख्यालय साइप्रस में है।

ईडी की जाँच से पता चला है कि 1xबीईटी और उसके सरोगेट ब्रांड 1xबीएटी और 1xबीएटी स्पोर्टिंग लाइन्स ने पूरे भारत में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के संचालन को बढ़ावा दिया ।

एजेंसी की जाँच से पुष्टि हुई कि दोनों क्रिकेटरों ने जानबूझकर 1xबीईटी के प्रतिनिधियों के माध्यम से उसे बढ़ावा देने के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ विज्ञापन समझौते किए। ये विज्ञापन, अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से होने वाली आय, धन के अवैध स्रोत को छिपाने के लिए विदेशी संस्थाओं के माध्यम से भुगतान के बदले में किए गए थे। जाँच में पता चला कि 1xबीईटी भारत में बिना अनुमति के काम कर रहा था और सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और प्रिंट मीडिया के माध्यम से भारतीय उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए सरोगेट ब्रांडिंग और विज्ञापनों का उपयोग कर रहा था।

ईडी की जाँच में 1000 करोड़ रुपये से अधिक की धन शोधन का पता चला है। 1xबीईटी ने विभिन्न 'म्यूल खातों 'के माध्यम से धन एकत्र कर भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए सट्टेबाजी की सुविधा प्रदान की और ऐसे 6000 से अधिक खातों की पहचान की गई है।

## जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है, चुनाव चोरी रोकना हमारी जिम्मेदारीः राहुल

✷ वेबवार्ता. पूर्णिया ✷

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को बिहार के पूर्णिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद शिक्षा पर विशेष तौर पर काम किया जाएगा। राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिहार में लाखों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। जिनके वोट काटे गए, उनमें महागठबंधन के वोटर शामिल थे। वोटर लिस्ट में गलत नाम जोड़े गए हैं।

जेन-जी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को पोलिंग बूथ पर सावधान रहना है। भाजपा के लोग 'चुनाव चोरी' करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार के युवाओं और जेन-जी को संविधान की रक्षा करनी है। हमें चुनाव चोरी करने वालों को रोकना है और ये हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ पर हमें वोट चोरी करने वालों को रोकना है, यही हमारी जिम्मेदारी है।



भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी के दम पर ही यह चुनाव जीत रहे हैं। मैंने हरियाणा चुनाव के बारे में बताया, यह बिहार में भी ऐसा ही कुछ कर सकते हैं, इसलिए युवाओं को इसे रोकना होगा। भाजपा हर जगह 'वोट चोरी' कर चुनाव जीत रही है, लेकिन हमें किसी भी कीमत पर बिहार में 'वोट चोरी' नहीं होने देनी है।

राहुल ने बिहार की जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमारी महागठबंधन की सरकार बनने के बाद बिहार सरकार शिक्षा पर काम करेगी। यह विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। पहले यहां नालंदा विश्वविद्यालय था, जहां दुनिया भर से लोग आते थे।

## अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का निधन

**वेबवार्ता. मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री एवं गायिका सुलक्षणा पंडित का गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिनेत्री काफी लंबे समय से बीमार थी। उन्होंने आज रात आठ बजे यहां नानावती अस्पताल में अंतिम सांस ली।

अभिनेत्री के भाई एवं संगीतकार ललित पंडित ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुलक्षणा को दिल का दौरा पड़ा था। सुलक्षणा के निधन पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गयी है। फिल्म उद्योग से जुड़े कई लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कई फिल्मों में पार्श्वगायन के अलावा अभिनय भी किया था। सुलक्षणा का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।

## शेयर बाजारों में गिरावट जारी, प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

✷ वेबवार्ता. मुंबई ✷

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले श्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह के कारोबार में करीब 387 अंक चढ़ने के बाद अंत में पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 148.14 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को सूचकांक 519 अंक लुढ़का था जबकि बुधवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बाजार में अवकाश था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती तेजी के बाद 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। ये दोनों सूचकांक 15 अक्टूबर के बाद के निचले श्तर पर हैं।

आईटी और ऑटो को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर दबाव रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.39 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में जिन 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,304 के शेयर बढ़त में और 795 के गिरावट में रहे। वहीं, 96 अन्य कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर नहाने गए दो भाई सेल्फी लेते हुए गंगा में डूबे, एक बचाया

**अलीगढ़, एजेंसी।** यूपी के अलीगढ़ में सेल्फी लेते हुए दो भाई गंगा में डूब गए। एक को बचा लिया गया लेकिन दूसरा नहीं मिला। उसकी तलाश जारी है। कार्तिक पूर्णिमा पर नरौरा में सुनसान बंदे पर सेल्फी ले रहे दो भाई गंगा में डूब गए। एक युवक को लोगों ने बचा लिया, जबकि एनडीआरएफ की टीम दूसरे युवक की गंगा में तलाश कर रही है। परिवार में लड़के के डूबने की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। मामले में मिली जानकारी के अनुसर 24 वर्षीय नितिन पुत्र मूलचंद अग्रवाल निवासी शक्ति नगर, जनपद अलीगढ़ अपने भाई और परिवार के साथ नरौरा गंगा स्नान को आया था। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार नरौरा में सुनसान जगह बंदा नंबर एक पर स्नान के बाद सेल्फी ले रहा था। इसी बीच दोनों युवक गंगा में गिरकर डूबने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने दोनों को डूबते देख लिया। लड़कों को डूबते देख किसी तरह लोगों ने एक भाई को बचा लिया, लेकिन नितिन गंगा में डूब गया। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। नरौरा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर एसडीएम व सीओ डिबाई भी पहुंचे। एनडीआरएफ की टीम डूबे नितिन को गंगा में तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक नितिन का कोई सुराग नहीं लगा है। डिबाई विधायक चंद्रपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। बताया जा रहा है कि सेल्फी लेते समय शायद दोनों का पैर फिसला होगा जिस कारण दोनों पानी में गिर गए। गोताखोर लापता लड़के की तलाश में लगे हैं। वहीं, दूसरा लड़का हादसे के बाद से डरा हुआ है अभी सदमे में बताया जा रहा है।

### नहीं चाहिए ऐसी मदद, मणिपुर के लोगों ने लौटे दिए सरकार की तरफ से मिले 84 रुपए

**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर में सैकड़ों विस्थापित लोगों ने बुधवार को सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए वित्तीय सहायता राशि वापस कर दी है। इस दौरान लोगों ने 84 रुपए प्रति व्यक्ति गुजारा भत्ता दिए जाने का जोरदार विरोध किया है। जानकारी के मुताबिक यहां एक महीने के खाने के खर्च को कवर करने के लिए 30 दिनों के लिए प्रति व्यक्ति प्रति दिन 84 रुपये आवंटित किए जाते हैं। राज्य के इम्फाल पूर्व के साजिवा में आश्रय केंद्रों में रह रहे कुल 446 लोगों ने उप-मंडल कार्यालय (स्ष्ठह्र) तक मार्च किया और सरकार की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (ष्ठक्चञ्ज) योजना के तहत वितरित राशि वापस सरकार को दे दिया। लोगों ने इस योजना को यह तर्क देते हुए अस्वीकार कर दिया है कि इतने रुपए बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त है। गौरतलब है कि मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से मणिपुर में 60,000 से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। इनमें से कई अभी भी राहत शिविरों या पूर्व-निर्मित आश्रयों में ही रह रहे हैं।

### नोएडा के रहने वाले अनुनय सूद का फोर्ब्स की लिस्ट में 3 बार आया था नाम

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर 12 में रहने वाले ट्रैवल इन्फ्लुएंसर और फोटोग्राफर अनुनय सूद अब इस दुनिया में नहीं रहे। सिर्फ 32 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। सोशल मीडिया पर उनकी मौत की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया। परिवार ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट जारी कर उनके निधन की पुष्टि की, लेकिन मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि अनुनय इन दिनों अमेरिका के लास वेगास में थे और वहीं से उन्होंने अपनी आखिरी पोस्ट शेयर की थी। अनुनय सूद की अंतिम इंस्टाग्राम पोस्ट कुछ ही दिन पहले की थी, जिसमें वो लास वेगास की सड़कों पर स्पोर्ट्स कारों के बीच नजर आ रहे थे। उन्होंने लिखा था, यकीन नहीं होता कि मैंने यह वीकेंड अपने सपनों की मशीनों और लीजेंड्स के बीच बिताया। यह पोस्ट अब उनके प्रशंसकों के लिए उनकी यादों का आखिरी निशानी बन गई है। दुबई में बसे अनुनय सूद सिर्फ एक ट्रैवलर नहीं, युवाओं के लिए प्रेरणा थे। उनके इंस्टाग्राम पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे, जबकि यूट्यूब पर करीब चार लाख सब्सक्राइबर्स। स्विट्जरलैंड के पहाड़ों से लेकर आइसलैंड की झीलों और टोक्यो की गलियों तक, उनकी कैमरे की नजर हर जगह की कहानी कहती थी।

**स्थानीय चुनाव स्थगित करने की मांग?**

# विपक्षी एमवीए के साथ सुर अलाप रहे शिंदे के थप्पड़मार विधायक

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) द्वारा मतदाता सूची में सुधार की मांग का सत्तारूढ़ शिवसेना के विधायक ने भी समर्थन किया है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने भी बुधवार को चुनाव आयोग से स्थानीय निकाय चुनाव कम से कम 10 दिन के लिए स्थगित करने का आग्रह किया ताकि 'डुप्लिकेट' मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकें। ये वही विधायक हैं, जो पिछले जुलाई में सुर्खियों में तब आए थे, जब उन्होंने विधायक होस्टल की कैंटीन के स्टाफ को थप्पड़ मारा था। उससे पहले वह राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को इनाम का भी ऐलान कर चुके हैं।



उन्होंने कहा कि फर्जी मतदान से बेईमान उम्मीदवार चुनाव जीत सकते हैं। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव दो दिसंबर को होंगे और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। हालांकि, 29 नगर निगमों, 32 जिला परिषदों और 336 पंचायत समितियों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है, जहां चुनाव होने हैं।

**सिर्फ 10 दिन के लिए स्थगित कर दिए जाएं चुनाव:** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना से जुड़े और बुलढाणा विधानसभा सीट से विधायक गायकवाड़ ने कहा, 'भारत के निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची से दोहरे नामों को नहीं हटाया है। अगर चुनाव सिर्फ 10 दिन के लिए स्थगित कर दिए जाएं, तो इन गलतियों को सुधारना संभव हो जाएगा।'

उन्होंने दावा किया कि अकेले बुलढाणा जिले में हजारों मतदाताओं के नाम दोहराए गए हैं। उन्होंने जानना चाहा कि क्या निर्वाचन आयोग ने सूची की सत्यता की पुष्टि के लिए राज्य भर के लाखों मतदाताओं से लिखित गारंटी लेने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि बुलढाणा शहर में छह महीने की जांच के बाद लगभग 8,000 नकली नाम पाए गए। गायकवाड़ ने चुनाव आयोग की चार से पांच दिनों के भीतर अंतिम सूची तैयार करने की क्षमता पर सवाल उठाते हुए कहा, 'फर्जी मतदान के कारण बेईमान उम्मीदवार जीत सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग को ऐसी प्रविष्टियों पर सीधे 'हटाए गए' की मुहर लगा देनी चाहिए।' विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूची में नामों के दोहराव सहित कोई सुधार किए बिना चुनाव आगे बढ़ा रहा है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ एमवीए के घटकों ने एक नवंबर को मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ एक विरोध मार्च - 'सत्यचा मोर्चा' (सत्य के लिए मार्च) आयोजित किया। विपक्ष ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव इन कमियों को दूर करने के बाद ही होने चाहिए।

**स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा सुधार**

## फरीदाबाद के इस अस्पताल को 200 बेड की सौगात

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
स्मार्ट सिटी के लोगों को जल्द ही 200 बेड के अस्पताल की जल्द ही सौगात मिलने वाली है। मेवला महाराजपुर सेक्टर-45 स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र(यूएचसी) को अपग्रेड करके 200 बेड का सामान्य अस्पताल बनाया जाएगा। इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने घोषणा की थी। प्रशासनिक मंजूरी के लिए अधिकारियों को भेजा गया है। यह अस्पताल बनने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी।

स्मार्ट सिटी में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर केवल बीके एक बड़ा अस्पताल है। यहां प्रतिदिन की ओपीडी दो हजार के करीब रहती है। इसके बाद भी कई बार सभी लोगों को चिकित्सकीय परामर्श नहीं मिल पाता था। इसके अलावा रक्त सहित अन्य प्रकार की स्वास्थ्य जांच के लिए एक से डेढ़ घंटे लाइन में लगने के बाद नंबर आता है। बीके अस्पताल के दबाव को कम करने के लिए मेवला महाराजपुर सेक्टर-45 के स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके 200 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। इसके बनने से बदरपुर बॉर्डर से लेकर सेक्टर-30, 31, 45, 46, डीएलएफ सहित कई क्षेत्रों के लोगों को बीके अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें मेवला महाराजपुर में बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र के अपग्रेड वाली फाइल को मंजूरी मिलने के बाद चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, ऑपरेशन थियेटर सहित कई तरह की चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएंगी। 200 बेड का अस्पताल बनने साथ ही यहां पर शारीरिक जांचों की सुविधा भी बढ़ाई जाएगी। यहां पर सेंट्रल लैब स्थापित करने की योजना है। इस लैब में वह सभी जांचें हो सकेंगी, जो बीके अस्पताल की सेंट्रल लैब में होते हैं। यहां पर अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, ईसीजी आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा यहां पर प्रसूति वार्ड भी विकसित किया जाएगा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आकांक्षा तंवर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने मेवला महाराजपुर के स्वास्थ्य केंद्र को 200 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। अब उसे कागजों पर लाने का कार्य शुरू हो गया। उसकी प्रशासनिक मंजूरी के लिए फाइल उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

## फरीदाबाद में 17 साल की लड़की को गोली मारने वाला जतिन गिरफ्तार

**फरीदाबाद , एजेंसी।** 17 साल की लड़की का पीछा करते हुए घर के पास दो गोली मारकर फरार हुए जतिन मंगला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 30 साल का जीतेंद्र उर्फ जतिन मंगला कई महीनों से लड़की के पीछे पड़ा था और अक्सर उसका पीछा किया करता था। पूछताछ के दौरान मंगला ने अपना अपराध कबूल करते हुए कहा कि लड़की ने बात करने से इनकार कर दिया था और इसकी वजह से गुस्से में आकर उसने हमला किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पीड़ित कनिष्का 12वीं की साइंस स्टूडेंट है। वह जेईई की भी तैयारी में जुटी है और इसके लिए फरीदाबाद के श्याम कॉलोनी की एक लाइब्रेरी में जाती थी। कुछ महीने पहले यहीं उसकी मुलाकात जतिन से हुई थी। तभी से वह कनिष्का के पीछे पड़ गया था। सोमवार शाम जतिन ने उस समय उस पर गोली चला दी जब वह लाइब्रेरी से लौट रही थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसमें दिख रहा है कि जतिन सड़क किनारे पहले से खड़ा था और जैसे ही कनिष्का वहां पहुंची उसने बेहद नजदीक से दो बार फायर किया और बाइक पर बैठकर भाग निकला।एक गोली कनिष्का के कंधे में लगी तो दूसरी पेट में। कनिष्का को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है और अब हालत स्थिर है। बल्लभगढ़ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस की कई टीमें जतिन की तलाश में जुटी थीं।



## कांग्रेस है तो मुसलमानों की इज्जत है: मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी एक बयान के कारण विवादों में आ गए हैं। खबर है कि उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कह दिया कि कांग्रेस है तो मुस्लिम है। अब एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी ने रेड्डी और कांग्रेस पर समुदाय को बांटने की राजनीति करने के आरोप लगाए। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने सीएम के बयान का बचाव किया है। खास बात है कि 11 नवंबर को जुबली हिल्स उप चुनाव होना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान रेड्डी भी एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उस दौरान उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'कांग्रेस है तो मुसलमान है, कांग्रेस है तो आपकी इज्जत है। जब कांग्रेस नहीं है तो आप कुछ नहीं हैं।'



तेलंगाना सरकार में शामिल हुए नए मंत्री और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने रेड्डी के बयान का बचाव किया है। उन्होंने कहा, 'तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उसमें गलत क्या बोला है। उसका मतलब है कि मुसलमान और कांग्रेस पार्टी एक ही हैं। अगर हर चीज में नेगेटिव निकालेंगे, तो उसका अंत ही नहीं है।'

उन्होंने आगे कहा, 'यहां पर इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाते हुए यही कहूंगा कि सीएम साहब ने बिल्कुल सही कहा है कि कांग्रेस पार्टी और मुसलमान एक हैं। अभी से नहीं हैं, कई साल से हैं। आजादी के समय से एक हैं।'

### माफी की मांग

तेलंगाना टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष आबिद रसूल खान ने सीएम के बयान की निंदा की है। उन्होंने बयान को वापस लेने और सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की है। उनकी तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुसलमानों ने आजादी से काफी पहले ही कांग्रेस के गठन में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल मुसलमानों या किसी भी समुदाय का संरक्षक नहीं बना सकता, क्योंकि संविधान ने धर्म की आजादी दी है।

**भाजपा ने की मुख्यमंत्री के बयान की निंदा:** तेलंगाना भाजपा प्रमुख एन रामचंद्र राव ने रेड्डी के बयान की निंदा की है। उन्होंने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति के आरोप लगाए हैं। उन्होंने लिखा, 'दशकों से कांग्रेस समुदायों को बांटकर चलती आ रही है और अब सीएम रेवंत रेड्डी ने इसे साबित कर दिया है। जुबली हिल्स के हिंदुओं ने हर शब्द देखा, सुना और याद रखा है।

## बुजुर्ग बंदी रामायण और गीता का पाठ पढ़ा रहे, डासना जेल में कैदियों में मिल रही इंसानियत की सीख

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
अपराध की दुनिया में कदम रखकर सनसनीखेज वारदात करने वाले बंदी उम्र के आखिरी पड़ाव में डासना स्थित जिला कारागार में गीता और रामायण का पाठ पढ़ा रहे हैं।

डासना स्थित जिला कारागार वैसे तो 1704 बंदियों की क्षमता वाली जेल है, लेकिन गाजियाबाद के अलावा हापुड़ जिले के बंदी भी यहां होने के चलते वर्तमान में यहां क्षमता से करीब ढाई गुना बंदी हैं। इनमें करीब 500 बंदी सजायाफ्ता हैं, जिनमें 140 से अधिक महिलाएं भी शामिल हैं। हत्या के दोषी ठहराए जाने के बाद करीब साढ़े तीन सौ बंदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, जिनमें 35 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इनमें 70 साल से अधिक उम्र वाले करीब 30 बंदी हैं।




जेल प्रशासन के मुताबिक उम्रदराज बंदियों ने अपने कर्मों पर पश्चाताप करते हुए उम्र के आखिरी पड़ाव में धर्म-कर्म कर पुण्य लाभ कमाने की इच्छा जाहिर की थी। इसके तहत उन्होंने रामायण और गीता उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। बंदियों की भावना को समझते हुए उन्हें धार्मिक ग्रंथ उपलब्ध कराए गए। आजीवन कारावास की सजा काट रहे उम्रदराज बंदी सुबह की बेला में अपने-अपने बैरकों के बंदियों को लेकर बैठ जाते हैं और गीता और रामायण के श्लोक पढ़कर सुनाते हैं। इसके लिए भजनमंडली बनी हुई है, जो भजन-कीर्तन से बंदियों के दिन की शुरुआत करती है। जेल अधिकारियों के मुताबिक इन बंदियों को श्लोक इस तरह कंठस्थ हो गए हैं कि वह बिना पढ़े उन्हें दोहराते हैं और उनका अर्थ भी बताते हैं। इन श्लोकों के माध्यम से बंदियों को आचरण सुधारने, धर्म-कर्म कर आराधना का मार्ग अपनाने और इंसानियत के रास्ते पर चलने की सीख दी जाती है। जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल का वातावारण सकारात्मक रखने और बंदियों में धार्मिक प्रवृत्ति पैदा करने के लिए सप्ताह में दो बार सुंदरकांड पाठ का आयोजन होता है। दिन में सुंदरकांड के बाद हवन-यज्ञ और प्रसाद वितरण कराया जाता है, जिसमें जेल के अधिकारी भी शामिल होते हैं।

## क्या पायलट के तेवरों से राजस्थान बीजेपी की मुश्किलें बढ़ेंगी?

**कोटा, अंता, एजेंसी।**
राजस्थान के हाड़ौती क्षेत्र से बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने एक बार फिर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया। अंता विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में पहुंचे पायलट ने रोड शो कर माहौल बनाया और भीड़ के जोश से कांग्रेस की स्थिति मजबूत बताई। प्रचार के दौरान पायलट ने जहां बीजेपी पर निशाना साधा, वहीं बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 'बिहार के पहले चरण के मतदान में ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन को स्पष्ट बढ़त मिल रही है और 14 नवंबर को तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।'



कोटा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में पायलट ने दो टूक कहा कि बिहार में जनता बदलाव चाहती है और बीजेपी-नीतीश कुमार की जोड़ी अब जनता को स्वीकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'बीजेपी ने नीतीश कुमार को सिर्फ मुखौटा बना रखा है। असली सत्ता की बागडोर दिल्ली से चलाई जा रही है, जिसे बिहार की जनता भली-भांति समझ चुकी है।' पायलट के इस बयान को न केवल बिहार की राजनीति से जोड़ा जा रहा है, बल्कि राजस्थान के सियासी समीकरणों पर भी इसके असर की चर्चा है।

अंता में आयोजित रोड शो के दौरान पायलट के समर्थन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उमड़े। उन्होंने कहा कि हाड़ौती कांग्रेस की मजबूत ज़मीन रही है और यहां जनता बीजेपी के दो साल के शासन से पूरी तरह निराश है। पायलट ने कहा, 'दो साल में बीजेपी सरकार के पास बताने लायक कोई उपलब्धि नहीं है।

# बूटा सिंह पर बुरे फंसे पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष, तरनतारन उपचुनाव से पहले दर्ज हुई एफआईआर

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
देश के पूर्व गृहमंत्री और दिवंगत कांग्रेस नेता बूटा सिंह पर दिए गए विवादित बयान के मामले में पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष और लुधियाना से कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग बुरी तरह फंस गए हैं। बूटा सिंह के बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू की शिकायत पर कपूरथला में वड़िंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कपूरथला पुलिस ने राजा वड़िंग के खिलाफ बीएनएस की धारा 353 और 196 के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) (यू) और 3(1)(वी) के तहत केस दर्ज किया है।

विपक्षी दलों ने वड़िंग को पिछले कई दिनों से घेरा हुआ है। कल पंजाब के वित्तनमंत्री हरपाल चीमा ने कहा था कि वड़िंग पर कानूनी कार्रवाई होगी। तरनतारन विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस के लिए यह एक झटका है। इस सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होना है। ऐसे में अध्यक्ष पर केस दर्ज होने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

राजा वड़िंग ने तरनतारन में चल रहे उपचुनाव के दौरान एक जनसभा में स्व. बूटा सिंह को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था, 'नाम सुणेया बूटा सिंह दा, काला रंग हुंदा सी, जमा काला, पठ्ठे पाउंदा सी पठ्ठे, कांग्रेस ने देश दा गृहमंत्री बणाया।' इसके बाद बवाल मचा हुआ है। विवाद बढ़ने के बाद राजा वड़िंग माफी मांग चुके लेकिन तब भी मामला शांत नहीं हो रहा। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा है स्वर्गीय सरदार बूटा सिंह जी के प्रति गहरा सम्मान रखता हूं, जो मेरे लिए



पिता तुल्य थे। मैं दोहराता हूं कि मेरा उनसे कोई अनादर करने का इरादा नहीं था। यदि मेरे शब्दों से किसी को अनजाने में ठेस पहुंची हो, तो मैं अपनी सबसे सच्ची और बिना शर्त माफी माफ़ी मांगता हूँ। वहीं, नेशनल एससी कमीशन ने वड़िंग पर कार्रवाई कार्रवाई को लेकर तरनतारन के डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

पंजाब एससी कमीशन ने जिला चुनाव अधिकारी को तलब कर लिया है। आयोग ने यह जानकारी भी जिला चुनाव अधिकारी से मांगी कि आचार संहिता के अनुपालन के लिए वड़िंग को जिले की सीमा से बाहर क्यों नहीं किया गया। आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी व नायब तहसीलदार जसविंदर सिंह ने मंगलवार को आयोग को पेश रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई जिसके चलते जिला चुनाव अधिकारी को तलब किया गया है। इससे पहले वड़िंग को भी 6 नवंबर को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया जा चुका है। गढ़ी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वड़िंग ने दिवंगत बूटा सिंह के प्रति रंग और नस्ल के आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है।

इस मामले को लेकर विरोधी दल कांग्रेस पर हमलावर हैं। आम आदमी पार्टी सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह टिप्पणी गलती नहीं बल्कि जातिवादी अहंकार से प्रेरित अपराध है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी कांग्रेस नेता दलितों के अपमान वाले बयान देते रहे हैं। चीमा ने मांग की कि कांग्रेस तुरंत वड़िंग को पार्टी से निष्कासित करे नहीं तो उनकी दलित-विरोधी मानसिकता की पुष्टि होगी।

## बंदरों के हमले में तीन लोग घायल

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के गांव सीकरी खुर्द बंदरों का आंतक रुकने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को बंदरों ने तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। गांव निवासी विजय कुमार ने बताया कि ड्यूटी जाते समय बंदर ने हाथ पर काट लिया। इसके अलावा यशपाल सिंह और विशाल पर भी बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह में बंदर कई लोगों को घायल कर चुके हैं। नगर पालिका परिषद और प्रशासनिक अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

## डेबिट कार्ड बदलकर 15 हजार रुपये निकाले

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में ठग ने गुरुवार को एटीएम पर रुपये निकालने गए युवक का डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 15 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित के भाई ने पुलिस से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। अमित विहार कॉलोनी निवासी आकाश पांचाल एक निजी अस्पताल में चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि छोटा भाई प्रशांत गुरुवार सुबह करीब दस बजे कॉलोनी स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम से दस हजार रुपये निकालने के लिए गया था। आरोप है कि जब भाई पैसे निकालने के लिए एटीएम में गया तो वहां पहले से मौजूद युवक ने पैसे गिरे होने की बात कहते हुए भाई से कार्ड बदल लिया और वहां से चला गया। रुपये न निकलने पर भाई घर लौट आया।इस दौरान उनके फोन पर बैंक से पैसे कटने का मैसेज आया तो उन्हें भाई के साथ हुई ठगी का पता चला। उन्होंने बताया कि ठगों ने खाते में मौजूद 15 हजार रुपये निकाल लिए। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर कुल्हाड़ी से हमला

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी स्थित टीला मोड़ थानाक्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बाल-बाल बच गए। हमलावर ने कार्यालय में भी तोड़फोड़ कर दी। दो नवंबर की घटना में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गगन विहार में रहने वाले रामवीर पाल का घर के पास ही प्रॉपर्टी का कार्यालय है। दो नवंबर की शाम को वह कार्यालय में बैठे थे। कॉलोनी में ही रहने वाला महेंद्र पाल उनके कार्यालय में आया और गाली-गलौज करने लगा। आरोपी शराब के नशे में था। उसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने हाथ में ली कुल्हाड़ी से उन पर वार कर दिया। गनीमत थी कि वह बच गए। आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार कर कार्यालय में लगे शीशे तोड़ दिए और धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी से पूर्व में कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में हमला किया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दो राहगीर गंभीर रूप से घायल युवक को संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की रामपार्क कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय अर्श अंसारी गुरुवार सुबह करीब नौ बजे अपनी बहन सिमायरा को बाइक से औद्योगिक क्षेत्र में छोड़ने आया था। वापस लौटते समय सेक्टर बी 1 में अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी।जिससे वह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक ट्रैक्टर समेत फरार हो गया।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

टीला मोड़ थाना क्षेत्र की गरिमा गार्डन इरशाद कॉलोनी में बच्ची की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। बच्ची के शरीर पर तीन जगह खरोंच के निशान मिले हैं, लेकिन चोट कोई नहीं है। मौत का कारण भी डूबने से बताया गया है। वहीं, परिजन रिपोर्ट को मानने से इनकार कर रहे हैं।

परिजनों का कहना है कि बच्ची की हत्या करके शव को फेंका गया है। वह, दोबारा पोस्टमार्टम की मांग करेंगे।

सिंकदरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की गरिमा गार्डन इरशाद कॉलोनी में मां की डांट से नाराज होकर तीन नवंबर को घर से निकली बच्ची का अगले दिन चार नवंबर को शव मिला था। बच्ची के पिता ने बताया कि वह चार नवंबर को सुबह सात बजे, 11 बजे और दोपहर में एक बजे पुलिस चौकी गए थे। दोपहर एक बजे उन्होंने चौकी पर बच्ची के गुम होने की तहरीर दी थी।

पुलिस ने तहरीर लेकर उन्हें वापस भेज दिया था। जिसके बाद वह खुद ही कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रहे थे। चार नवंबर की शाम के समय घर से कुछ दूरी पर खाली पड़े प्लाट में पानी से भरे गड्ढे में बच्ची का शव मिला था। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसके अगवा होने की रिपोर्ट दर्ज की थी। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर शव को फेंकने



का आरोप लगाया था। देर रात में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने बच्ची का शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने रात में ही शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

एसपी नगर ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि बुधवार की देर शाम डॉक्टरों ने पैनल ने बच्ची का पोस्टमार्टम किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का समय लगभग डेढ़ दिन पूर्व बताया गया है। यह बच्ची के लापता होने से कुछ घंटे बाद का हो सकता है। रिपोर्ट में दुष्कर्म या प्रयास की पुष्टि नहीं हुई है और बच्ची की मौत डूबने के कारण हुई है। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान है, जो गिरने के कारण आए हो सकते हैं। जहर की आशंका के चलते विसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। इसके अलावा बच्ची की तलाश को लेकर परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। यदि इसमें लापरवाही सामने आती है तो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग करेंगे बच्ची के पिता और मामा पुलिस जांच से असंतुष्ट हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मानने से भी इनकार कर रहे हैं।

उनका कहना है कि यदि बच्ची की मौत डूबने से हुई तो उसके फेफड़ों और पेट में भी पानी भरा होगा, जो उन्हें नहीं बताया गया। इसके अलावा बच्ची की मौत का समय भी उन्हें नहीं बताया गया है। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को रात में किसी समय पानी से भरे गड्ढे में फेंका गया हो सकता है। बच्ची को तीन नवंबर की शाम लगभग सात बजे घटनास्थल के पास वाली गली में जाते हुए लोगों ने देखा था। उसी गली में बच्ची के मामा का घर है, जहां सीसीटीवी कैमरा लगा है।

इसी गली में दो खाली प्लाट हैं, जिनमें एक प्लाट में बच्ची का शव मिला था। बच्ची के मामा ने बताया कि उनके घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्ची का फुटेज नहीं है। यानी बच्ची उस गली से बाहर नहीं निकली। बच्ची के मामा का कहना है कि वह दोबारा पोस्टमार्टम की मांग करेंगे। गली में कई सीसीटीवी कैमरे, लेकिन चालू नहीं जिस गली के खाली प्लाट में बच्ची का शव मिला है, उस गली में और बाहर के कई घरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन सभी कैमरे खराब हैं। पूरे मोहल्ले में केवल दो ही घरों में सीसीटीवी कैमरे हैं, लेकिन दोनों में ही बच्ची की फुटेज नहीं है।

जन्मदिन से पहले सुपुर्द-ए-खाक हुई बच्ची बच्ची का छह नवंबर को जन्मदिन था, लेकिन उससे दो दिन पहले चार नवंबर को शव मिला। बच्ची की पांच वर्षीय छोटा भाई और डेढ़ वर्षीय छोटी बहन है। बच्ची के जन्मदिन से एक दिन पहले पांच नवंबर की रात को वह सुपुर्द-ए-खाक हो गई। अंतिम संस्कार में मदरसे के सभी बच्चे शामिल हुए थे। बच्ची की मां और पिता का रो रोकर बुरा हाल है। पिता इस घटना को हादसा मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

## बंद फ्लैट के ताले तोड़कर लाखों के जेवर-नगदी चोरी



✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

वेव सिटी थानाक्षेत्र के शाहपुर बम्हैटा स्थित सोसाइटी में महिला के बंद फ्लैट पर धावा बोलकर चोरों ने लाखों के नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त महिला परिवार समेत दिल्ली गई हुई थी।

स्टेट मैनेजर ने ताले टूटे देख फोन किया तो घटना का पता चला। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। सारे होम्स सोसाइटी में रहने वाली संध्या सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 17 अक्तूबर को अपने परिजनों के साथ दिल्ली गई हुई थीं। चार नवंबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्टेट मैनेजर अमितोष शर्मा ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा पड़ा है।

संध्या सिंह के मुताबिक वह घर पहुंचीं तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ था और सोने के आभूषण, नकदी व एक लैपटॉप गायब था। उन्होंने चोरी गए सामान की सूची पुलिस को सौंप दी है। सूचना पर थाना वेव सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

घर से फिंगरप्रिंट लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। घटना के संबंध में पीड़िता ने चार नवंबर को वेव सिटी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल का कहना है कि शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

चोरी की वारदात गंभीर है। चोरों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख मांगे

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मसूरी थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने हापुड़ की युवती पर लोन दिलाने के नाम पर रकम ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक रकम मांगने पर युवती दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर 50 लाख रुपये मांग रही। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



मूलरूप से गांव सदरपुर और वर्तमान में मसूरी के मसूर विहार स्थित अमानत एंक्लेव में रहने वाले दानिश ने बताया कि नवंबर 2024 में मोबाइल पर अनजान नंबर से युवती का फोन आया। युवती ने पांच लाख रुपये तक का लोन दिलाने की बात कही। सहमति देने पर युवती दश्तावेजों पर हश्ताक्षर कराने के बहाने घर आई और निजी बातें करने लगीं।

शक होने पर उन्होंने कोई हश्ताक्षर नहीं किया। इसके बाद युवती ने दोश्ती बढ़ा ली। दानिश ने बताया कि एक फरवरी 2025 को युवती ने मां की बीमारी का बहाना बनाकर 13 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद युवती ने कई बार रकम मांगी। पीड़ित ने रुपये देने से इंकार किया तो युवती उन पर और उनके परिजनों पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने लगी। इसके बाद 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। डर के कारण उन्होंने एक लाख रुपये दे भी दिए। इसके बावजूद युवती 50 लाख रुपये मांग रही है। दानिश ने बताया कि बाद में युवती की पहचान हापुड़ निवासी के रूप में हुई। वह लोगों को लोन का झांसा देकर उनसे रुपये ऐंठने और धमकाकर वसूली करने वाले एक गिरोह से जुड़ी है।

दानिश का आरोप है कि शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर पांच नवंबर को मसूरी थाने में युवती के खिलाफ रंगदारी तथा धमकी का केस दर्ज कर लिया गया है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## डेढ़ घंटे में दो महिलाओं की चेन छीनकर भागे बदमाश

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

बेखौफ बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए डेढ़ घंटे में दो महिलाओं से सोने की चेन छीन ली। घटनाओं को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए।

दोनों वारदात में शामिल बाइक सवार बदमाशों ने हेलमेट पहना हुआ था, लिहाजा एक ही गैंग द्वारा वारदात करने का अंदेशा है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाशों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। सिहानी गेट थानाक्षेत्र के पटेल नगर थर्ड में रहने वाले बाबूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताााया कि पांच नवंबर को सुबह करीब छह बजे वह अपनी पत्नी सीमा गर्ग के साथ मंदिर जाने के लिए निकले थे।

जैसे ही वह घर से कुछ दूरी पर पहुंचे, तभी दो अज्ञात बाइक सवार बदमाश अचानक पीछे से आए और उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली। दोनों बदमाशों ने हेलमेट लगाया हुआ था।

बाबूराम के अनुसार, वह कुछ समझ पाते तब तक दोनों बदमाश तेज रफ्तार में फरार हो चुके थे। सूचना मिलने पर सिहानी गेट पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच-पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

दूसरे मामले में राजनगर सेक्टर-14 में रहने वाली प्रतिभा सहगल का कहना है कि पांच नवंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह छोटी बेटी को साइकिल चलाना सिखाते हुए हापुड़ चुंगी से संजय नगर फ्लाईओवर की तरफ जा रही थीं।

जैसे ही वह संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल के पास यू-टर्न पर पहुंचीं तो दो बाइक सवार बदमाश अचानक पीछे से आए और उनके गले से दस तोला सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार, दोनों बदमाश काले कपड़े पहने हुए थे और हेलमेट लगाए हुए थे।


## त्यौहारों के उपरांत विशेष रेल सेवाएँ

दीपावली व छठ त्यौहारों के उपरांत रेलयात्रियों के सुविधाजनक आगमन हेतु पूर्व घोषित अनेक विशेष रेलगाड़ियाँ के साथ-साथ निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाडियों का संचालन भी नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार किया जायेगा:-

**05501/05502 मुजफ्फरपुर जं. - आनन्द विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. सुपरफास्ट पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05501 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05502 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:55 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | ---- |
| 03:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 05:30 |

**चलने के दिन: 05501 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को एवं **05502 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को।

**ठहराव:** हाजीपुर जं., पाटलिपुत्र जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानुपर सेंट्रल स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05503/05504 मुजफ्फरपुर जं. - आनन्द विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. वातानुकूलित सुपरफास्ट पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05503 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05504 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:55 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | ---- |
| 03:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 05:30 |

**चलने के दिन: 05503 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को एवं **05504 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को।

**ठहराव:** हाजीपुर जं., पाटलिपुत्र जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानुपर सेंट्रल स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05507/05508 मुजफ्फरपुर जं. - आनन्द विहार (ट) - मुजफ्फरपुर जं. सुपरफास्ट पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05507 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05508 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:55 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | ---- |
| 03:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 05:30 |

**चलने के दिन: 05507 मुजफ्फरपुर जं.** से दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को एवं **05508 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 10.11.2025 (सोमवार) को।

**ठहराव:** हाजीपुर जं., पाटलिपुत्र जं., दानापुर, आरा जं., बक्सर, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानुपर सेंट्रल स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05511/05512 सहरसा जं. - आनन्द विहार (ट) - सहरसा जं. पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05511 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05512 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:05 | सहरसा जं. | 17:15 | ---- |
| 10:15 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन: 05511 सहरसा जं.** से दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को एवं **05512 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को।

**ठहराव:** मानसी जं., खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., दलसिंह सराय, समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर एवं शयनयान।

**05513/05514 सहरसा जं. - आनन्द विहार (ट) - सहरसा जं. पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05513 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05514 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:05 | सहरसा जं. | 17:15 | ---- |
| 10:15 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन: 05513 सहरसा जं.** से दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को एवं **05514 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को।

**ठहराव:** मानसी जं., खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., दलसिंह सराय, समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05517/05518 सहरसा जं. - आनन्द विहार (ट) - सहरसा जं. पूजा स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05517 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05518 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:05 | सहरसा जं. | 17:15 | ---- |
| 10:15 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन: 05517 सहरसा जं.** से दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को एवं **05518 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 10.11.2025 (सोमवार) को।

**ठहराव:** मानसी जं., खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., दलसिंह सराय, समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05589/05590 छपरा जं. - आनन्द विहार (ट) - छपरा जं. आनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05589 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05590 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:00 | छपरा जं. | 09:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 05589 छपरा जं.** से दिनांक 07.11.2025 एवं 08.11.2025 (शुक्रवार एवं शनिवार) को एवं **05590 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.11.2025 एवं 09.11.2025 (शनिवार एवं रविवार) को।

**ठहराव:** मशरख जं., दिघवा दुबौली, थावे जं., पडरौना, रामकोला, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं. (वाटरिंग), खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढवल जं., सीतापुर जं., (वाटरिंग), बरेली जं., मुरादाबाद जं. (वाटरिंग) एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**05090 आनन्द विहार (ट) - छपरा जं. आनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं.: 05090 | | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | |
| 18:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) |
| ---- | 14:00 | छपरा जं. |

**चलने के दिन: 05090 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को।

**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढवल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, दिघवा दुबौली एवं मशरख जं. स्टेशन।

**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**आगमन/प्रस्थान समय एवं रास्ते के ठहराव आदि जैसी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रेलयात्रियों से अनुरोध है कि वे रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।**

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शादी के मौके पर 18 लाख की ज्वेलरी चोरी, मुठभेड़ में पकड़े दो चोर

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

जनपद के नगीना में व्यापारी दिलशाद राईन की बेटी की शादी के दौरान घर - में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार बुंदकी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को मुठभेड़ में पकड़ा गया है। दोनों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। चार नवंबर की रात मोहल्ला कायस्थ सराय निवासी ब्रुश कारोबारी

दिलशाद राईन की बेटी की शादी नगर के एक बैंक्वेट हॉल में हो रही थी। पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर बैंक्वेट हॉल चला गया था। इसी बीच चोरों ने घर की अलमारी का ताला तोड़कर करीब 16 तोले सोने के जेवरात और 70 हजार रुपये चोरी कर लिए। चोरी का कुल मूल्य लगभग 18 लाख रुपये बताया गया है।

शादी की रस्म के बाद रात करीब सवा बजे जब परिवार घर लौटा तो



मुख्य गेट का ताला टूटा मिला और अलमारी खाली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।

बुधवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने रिक्शा पर संदिग्ध हालत में दो युवकों को देखा। पुलिस को देखकर वे भागने लगे और फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान साजिद उर्फ बटला (मोहल्ला सराय मीर) और नाजिम उर्फ कुल्फी (मोहल्ला लुहारी सराय) के रूप में हुई।

दोनों पर पूर्व में भी करीब डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं। चोरी किए गए जेवरात और नकदी बरामद होने का पुलिस ने दावा किया है। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## मारपीट कर गोली मारने की धमकी दी, केस दर्ज

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में एक युवक को खुलेआम गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित शहजाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चार नवंबर को वह अपने दोश्तों के साथ वाहिद की दुकान पर बैठा था। तभी मोहसिन वहां आ गया।

आरोप है कि मोहसिन ने गाली-गलौज करते हुए उस पर जानलेवा हमला किया और गोली मारने की धमकी दी। शहजाद के मुताबिक जब उसने और उसके दोश्तों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी मोहसिन ने सभी को धमकाते हुए गोली से उड़ाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि मोहसिन एक इनामी बदमाश है और उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

शिकायत में शहजाद ने यह भी लिखा है कि आरोपी ने उस पर लोहे की किसी वश्तु से हमला किया, जिससे उसकी जान को खतरा हुआ। पीड़ित ने मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

## रोड़वेज बस स्टैंड पर जलपान वितरण हुआ

✷ एनसीआर टुडे. नूरपुर ✷

वर्क बिजनौर चैप्टर के सदस्यों ने जनता को राहत पहुंचाने हेतु नूरपुर बस अड्डे पर प्रेम पूर्वक जलपान वितरण किया जिससे लगभग 500 लोग लाभान्वित हुए।

इरशाद अली पम्प वाले, डॉ इकबाल, डॉ शहज़ाद अली, मुहम्मद खुर्शीद, मुहम्मद शौकीन, फुरकन्द अली चौधरी, डॉ सय्यद नोमान, मनोज प्रजापति, मारूफ, दिलशाद, गयासुद्दीन, शुऐब अंसारी आदि ने यात्रियों, बस चालकों, कंडक्टरों, रिक्शा चालकों, टेम्पो चालकों, दुकानदारों की सेवा की और भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु सतयुग आगमन एवं अखण्ड भारत के विषय में जागरूक करने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों में मूलचंद सिंह जी इंचार्ज नूरपुर ने पूर्ण सहयोग किया।

सदस्यों को वर्कर कहकर संबोधित किया जाता है। वर्कर पूरे विश्व में जगह-जगह विभिन्न प्रकार के



सेवा कार्य करते हुए दिखते हैं। सफेद टी शर्ट पर लिखा वर्क फॉर कमपेशन एवं पेड़ जिसमें सर्व समाज के चिन्ह होते है इनकी पहचान है।

शुऐब सिराज अंसारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि वर्क संस्था जनता और सरकार से किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं लेती है। सारे कार्यक्रम वर्करों द्वारा ही आयोजित किए जाते हैं। ज्ञात रहे वर्क संस्था 1988 से वसुधैव कुटुंबकम अर्थात पूरी दुनिया एक परिवार भावना के साथ पूरे विश्व में धरातल पर इन पांच सिद्धांतों शांति, एकता, सेवा, ज्ञान, सहयोग के साथ विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी कार्यों में प्रगतिशील है और भविष्य में भी कार्यरत रहेगी।

इस समय घोर कलयुग अर्थात बुराईयों का दौर चल रहा है। अब सतयुग अर्थात अच्छाईयों का दौर शुरू होने वाला है। भारतीय विद्वानों के अनुसार के जल्द ही सतयुग आगमन होने की संभावना है। सतयुग आगमन के लिए दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम, निरंतर प्रयास शर्त है। सतयुग आगमन के पश्चात ही अखण्ड भारत का निर्माण होगा। 5000 वर्ष पूर्व भरत खंड में ही लगभग 35 देश हुआ करते थे जबकि आदिकाल में तो पूरा विश्व ही भारत कहलाता था।

पूरा विश्व दोबारा से अखंड भारत बनेगा लेकिन केवल प्रेम और करुणा से , शक्ति और बल प्रयोग से नहीं। इस करूणा कार्य की सभी ने जमकर प्रशंसा की और इस आयोजन ने नगरवासियों का दिल मोह लिया ।

## संपादकीय

# रेल सुरक्षा : ज़िम्मेदारी और सुदृढ़ता की दरकार

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक ट्रेन हादसा हुआ। यहां कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में लोको पायलट समेत 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई यात्री घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई थी।

जानकारी के मुताबिक, यह पैसेंजर ट्रेन गेवरा से बिलासपुर जा रही थी, जबकि मालगाड़ी बिलासपुर से आ रही थी। इस हादसे ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ रेल एवं भारतीय रेल सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ में ट्रेन हादसे कोई नई बात नहीं हैं, 2025 में अब तक तीन से ज्यादा रेल हादसे हो चुके हैं, ये घटनाएं यात्रियों के लिए चिंता का विषय हैं। हर बार रेलवे प्रशासन की लापरवाही या तकनीकी खामी को जिम्मेदार ठहराया जाता है, लेकिन हादसे रुक नहीं रहे।

रेलवे विशेषज्ञों द्वारा की गई घटना की प्रारंभिक जांच के मुताबिक खड़ी मालगाड़ी से टकराने वाली यात्री ट्रेन का चालक रेड सिग्नल पर उसे नियंत्रित करने में विफल रहा। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि ट्रेन का चालक दल सही समय और सही स्थिति में ट्रेन को नियंत्रित न कर पाने के लिए ज़िम्मेदार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेन लाल सिग्नल को पार कर गई और दोपहर 3:50 बजे अगले लाल सिग्नल पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। जांच रिपोर्ट पांच विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई थी, हालांकि केवल तीन ने ही इस पर हस्ताक्षर किए हैं। सिग्नल और दूरसंचार विभाग के अधिकारी ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

रिपोर्ट में गेवरा स्टेशन मास्टर का एक बयान भी शामिल है, जिन्होंने कहा कि मेमू ट्रेन के रवाना होने के बाद, उन्हें वीएचएफ संचार पर गार्ड से एक संदेश मिला जिसमें टक्कर होने के कारण एम्बुलेंस बुलाने का अनुरोध किया गया था। वहीं एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त अब दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे और एक विस्तृत रिपोर्ट देंगे। ख़ैर ये रिपोर्ट आदि तो कागज़ी गतिविधियां होती रहती हैं, परंतु जो लोग सिस्टम की लापरवाही से मर गए उनकी मौत का जिम्मेदार कौन होगा? क्या मुआवजा मिल जाने से मरने वाले लौट आएंगे?

जब किसी के घर का सदस्य असामयिक मर जाता है या सिस्टम की भेंट चढ़ जाता है तब किसी तरह से कोई बहाना किसी पर थोप दिया जाता है, जबकि ये सिस्टम एवं सरकार का फेलियर कहा जाएगा। पिछले कुछ सालो से रेल हादसों की बाढ़ सी आ गई है, सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ाया जाता है कि भैया मैं आज रेल सफ़र करने वाला हूं मेरे लिए दुआएं कीजिए! लोगों के अंदर रेल्वे हादसों के बीच बढ़ता खौफ़ रेल्वे एवं सरकार के लिए शर्मनाक है।

सरकार से जब रेल हादसों के बारे में पूछा जाता है किसकी जिम्मेदारी है? तो सरकार की तरफ से कहा जाता है कि अब रेल हादसों में मरने वालों की संख्या में गिरावट आई है जबकि ये बेहद असंवेदनशील बयान है। अगर सिस्टम के कारण किसी एक भी व्यक्ति की जान जाती है तो सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कभी हमारे देश में नैतिकता के आधार पर मंत्रियों के इस्तीफ़े हो जाते थे, 1956 में, तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने तमिलनाडु में अरियालुर रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। नीतीश कुमार ने 2 अगस्त 1999 को गैसल ट्रेन दुर्घटना के बाद पद छोड़ दिया था। ममता बनर्जी ने भी रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, परंतु अटल बिहारी वाजपेयी ने इस्तीफ़ा स्वीकार नहीं किया था।

अगस्त 2017 में, सुरेश प्रभु ने चार दिनों में दो दुर्घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। औरैया के पास कैफियत एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, जिसमें 70 से अधिक लोग घायल हो गए थे और मुजफ्फरनगर के पास खतौली में कलिंग उत्कल एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए थे। अब नैतिक जिम्मेदारी जैसी कोई बात नहीं रह गई है, मंत्रियों के पास बहाने ही बहाने हैं, विचित्र सी स्थिति है, क्या लोगों के जान की कीमत मुआवजे से तय होगी?

यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेल दुर्घटनाएं, खास तौर पर पटरी से उतरना, इतनी दुर्लभ नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में 17, 993 रेल दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले 10 सालों में ट्रेन दुर्घटनाओं में लगभग 2.6 लाख लोगों की जान गई है और इनमें से ज्यादातर मौतें टक्कर की वजह से नहीं बल्कि इसलिए हुई क्योंकि लोग ट्रेन से गिर गए या ट्रेन के नीचे दब गए। फिर भी, देश में रेल सुरक्षा एक बड़ी चिंता बनी हुई है, रेल्वे को लोगों की जान की परवाह करते हुए सुरक्षा मजबूत करनी चाहिए जिससे लोगों के अंदर रेल्वे हादसों का खौफ़ ख़त्म हो जाए।

## पटेल की जयन्ती पर हिन्दू इंटर कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

**एनसीआर टुडे. नगीना।** हिंदू इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सप्ताह के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नीवलमान मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रोहित रवि रहे। भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में वैष्णवी वर्मा प्रथम स्थान पर तथा मुस्कान वर्मा द्वितीय स्थान पर रही। जिनको नीरज बिश्नोई,रोहित रवि, प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज एवं मास्टर रणवीर सिंह द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में नीरज बिश्रोई रोहित रवि प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज यशवीर सिंह,मास्टर रणवीर सिंह, मास्टर धीरज सिंह, अर्णव चौधरी, अमन कुमार विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# परमाणु संकट की ओर धकेलने की इजाज़त नहीं दे सकते

**डॉ. अरुण मित्रा**

ईरान, जो लंबे समय से परमाणु हथियारों के विकास को लेकर अमेरिकी आरोपों का निशाना रहा है, ने इस कदम की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को 'प्रतिगामी' और 'गैर-ज़म्मिेदाराना' बताया और अमेरिकी नेता को 'परमाणु-सशस्त्र धौंसिया' कहा। ईरान के राष्ट्रपति का कहना है कि तेहरान अपनी परमाणु सुविधाओं का पुनर्निर्माण करेगा।

29 अक्टूबर को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि 'अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग (पेंटागन) को समान आधार पर हमारे परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया है। यह प्रक्रिया तुरंत शुरू होगी। ' यह बयान न केवल परेशान करने वाला है, बल्कि बेहद खतरनाक भी है। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किया गया आखिरी परमाणु विस्फोट 1992 में हुआ था। उत्तर कोरिया के अलावा, 1990 के दशकांत से किसी भी देश ने परमाणु हथियारों का परीक्षण नहीं किया है।

ऐसे समय में जब दुनिया के बड़े हिस्से पहले से ही प्रत्यक्ष या छद्म युद्धों में उलझे हुए हैं-और जब कई क्षेत्र विनाशकारी गृहयुद्धों का सामना कर रहे हैं, जिससे सामूहिक हत्याएं, भुखमरी और मानवीय पीड़ा हो रही है-ऐसा आदेश दुनिया को अंधकार के एक नए युग में धकेलने का खतरा पैदा करता है। इससे पहले से ही ख़तरनाक वैश्विक हथियारों की होड़ और तेज़ हो जाएगी। जिन देशों के पास पहले से ही परमाणु हथियार हैं, वे अपने शस्त्रागार का और भी तेज़ी से विश्तार और आधुनिकीकरण करेंगे। इसके अलावा, परमाणु हथियार विकसित करने की तकनीकी क्षमता वाले देश भी इस दौड़ में शामिल होने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका इस निर्देश को वापस नहीं लेता है, तो रूस भी इसी तरह जवाब देगा। सभी परमाणु शक्तियां बेहतर वितरण प्रणालियों का विकास और परीक्षण कर रहा है, जिनमें सबसे हाल ही में रूस ने अपने पानी के नीचे चलने वाले 'पोसिडॉन' परमाणु ड्रोन और परमाणु ऊर्जा से चलने वाले 'बुरेवेस्टनिक' परमाणु-सशस्त्र क्रूज़ मिसाइल का परीक्षण किया है। चीनी विदेश मंत्री ने अमेरिका से परमाणु परीक्षण पर लगी रोक न तोड़ने की अपील की है। ईरान, जो लंबे समय से परमाणु हथियारों के विकास को लेकर अमेरिकी आरोपों का निशाना रहा है, ने इस कदम की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने राष्ट्रपति ट्रम्प के $फैसले को 'प्रतिगामी' और 'गैर-ज़म्मिेदाराना' बताया और अमेरिकी नेता को 'परमाणु-सशस्त्र धौंसिया' कहा। ईरान के राष्ट्रपति का कहना है कि तेहरान अपनी परमाणु सुविधाओं का पुनर्निर्माण करेगा।

जून में, अमेरिका ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले किए, जिनके बारे में वाशिंगटन का कहना है कि वे परमाणु हथियार विकसित करने के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाले हमले को इस झूठे दावे के आधार पर उचित ठहराया गया था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार हैं। हालांकि सद्दाम हुसैन के शासन को तुरंत उखाड़ फेंका गया, लेकिन इस आक्रमण ने क्षेत्र को लंबे समय तक अस्थिरता, हिंसा और अराजकता में डुबो दिया। 22 जून, 2025 को भी ऐसा ही एक पैटर्न देखा गया, जब अमेरिकी वायु सेना और नौसेना ने ईरान-इज़राइल संघर्ष के हिस्से के रूप में 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान में तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया। ईरान ने आरोपों का खंडन किया और हमले की कड़े शब्दों में निंदा की।

आधुनिक परमाणु हथियार हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए हथियारों से कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि प्रमुख शक्तियों के बीच किसी भी बड़े पैमाने पर परमाणु आदान-प्रदान आधुनिक सभ्यता की नींव को नष्ट कर देगा- जो हजारों वर्षों की मानव प्रगति पर आधारित है। भारत और पाकिश्तान के बीच एक सीमित परमाणु



आदान-प्रदान भी दो अरब से अधिक लोगों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। प्रमाण स्पष्ट हैं : परमाणु हथियार मानवता के अशितत्व के लिए ख़तरा हैं और इन्हें समाप्त किया जाना चाहिए। परमाणु हथियारों से उत्पन्न गंभीर ख़तरों को समझते हुए, परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों पर निरस्त्रीकरण की दिशा में आगे बढ़ने का वैश्विक दबाव लंबे समय से रहा है। हालांकि कुछ संधियों पर हश्ताक्षर किए गए हैं, लेकिन प्रमुख शक्तियों ने उन्हें आंशिक रूप से और अक्सर अनिच्छा से ही लागू किया है।

यहां कुछ प्रमुख शस्त्र न्यूनीकरण और नियंत्रण संधियों का उल्लेख करना महत्वपूर्ण है। सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधियां (स्टार्ट-1, 2, और न्यू स्टार्ट), जिनका उद्देश्य अमेरिका और रूस के बीच द्विपक्षीय समझौतों के तहत सामरिक परमाणु हथियारों को कम करना था; मध्यम दूरी की परमाणु शक्ति (आईएनएफ) संधि (1987); 500 से 5, 500 किमी की मारक क्षमता वाली अमेरिकी और सोवियत भूमि-आधारित बैलिस्टिक और क्रूज़ मिसाइलों पर प्रतिबंध; एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल (एबीएम) संधि (1972) जिसके तहत आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए डिज़ाइन की गई प्रणालियों की तैनाती को सीमित किया गया; सामरिक शस्त्र सीमा वार्ता (एसएएलटी 1 और 2), जिसके तहत अंतरमहाद्वीपीय और पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों की संख्या सीमित कर दी गई; परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि (एनपीटी), जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना और निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना है; व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी), जो किसी भी उद्देश्य के लिए सभी परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाती है; और आंशिक परीक्षण प्रतिबंध संधि (पीटीबीटी), जो वायुमंडल, बाह्य अंतरिक्ष और पानी के भीतर परमाणु परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाती है।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) परमाणु हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाती है, यह नवीनतम बहुपक्षीय संधि है जिसे जुलाई 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किया गया था। इस संधि पर 95 देशों ने पहले ही हश्ताक्षर कर दिए हैं और 74 ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि टीपीएनडब्ल्यू को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारी समर्थन के साथ पारित किया गया था, लेकिन परमाणु-सशस्त्र देशों ने न तो विचार-विमर्श में भाग लिया और न ही अपने शस्त्रागार को समाप्त करने का कोई इरादा दिखाया। कुछ संतोषजनक खबर यह है कि कई क्षेत्रों ने स्वयं को परमाणु-हथियार-मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। उनमें शामिल हैं लैटिन अमेरिका (ट्लाटेलोल्को संधि), दक्षिण प्रशांत (रारोटोंगा संधि), अफ्रीका (पेलिंडाबा संधि), दक्षिण पूर्व एशिया (बैंकॉक संधि), तथा मध्य एशिया (सेमिपालाटिंस्क संधि)।

मंगोलिया एकमात्र ऐसा देश है जिसने खुद को एकल-राज्य परमाणु-हथियार-मुक्त क्षेत्र घोषित किया है, यह दर्जा उसने 1992 में स्थापित किया था और जिसे अंतरराष्ट्रीय श्तर पर मान्यता प्राप्त है। इसका कानून अपने क्षेत्र से परमाणु हथियारों या उनके घटकों के विकास, परीक्षण, कब्जे या परिवहन पर प्रतिबंध लगाता है। दुर्भाग्य से, कुछ प्रमुख संधियां ध्वश्त हो गई हैं। 2019 में अमेरिका के परमाणु हथियार संधि से हटने के बाद आईएनएफ संधि प्रभावी रूप से समाप्त हो गई, जिसके बाद 2025 में रूस का आधिकारिक रूप से इससे बाहर निकलना तय हुआ। इस ऐतिहासिक समझौते के टूटने से आपसी विश्वास कम हुआ है, सुरक्षा जोखिम बढ़े हैं, और हथियारों की होड़ फिर से शुरू होने का खतरा बढ़ गया है।

न्यू स्टार्ट संधि, जो अमेरिका और रूस की परमाणु शक्तियों को सीमित करने वाला अंतिम समझौता है, 4 फ़रवरी, 2026 को समाप्त होने वाला है। यदि कोई नया समझौता इसकी जगह नहीं लेता है, तो दोनों देशों को अपने परमाणु शस्त्रागार पर किसी भी कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबंध हीन भविष्य का सामना करना पड़ेगा। परमाणु-विहीन राष्ट्रों और दुनिया भर के शांतिप्रिय लोगों के लिए परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए एकजुट होकर आवाज़ उठाने का समय आ गया है। मानवता का अशितत्व सामूहिक साहस, बुद्धिमत्ता और सामूहिक विनाश के हथियारों पर आधारित झूठी सुरक्षा के परित्याग पर निर्भर करता है। कुछ परमाणु हथियार संपन्न देशों, विशेष रूप से अमेरिका, को दुनिया को अशितत्व के खतरे में डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

शांति भय से सुरक्षित नहीं रह सकती- इसे न्याय, सहयोग और सभी राष्ट्रों के सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

# नैतिकता, ईमानदारी और सुशासन एक आदर्श शासन प्रणाली के स्तम्भ, ईमानदारों का चयन करें

**कांतिलाल मांडोत**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ जनता की इच्छा ही सर्वोपरि मानी जाती है। लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके चुनाव कितने निष्पक्ष, पारदर्शी और नैतिक आधारों पर संचालित होते हैं।

चुनाव केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही की कसौटी भी है। बिहार, जो भारत के राजनीतिक इतिहास में एक अहम स्थान रखता है, यहां के चुनाव हमेशा से देशभर में चर्चा का विषय रहे हैं।

ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन-ये तीनों शब्द न केवल एक आदर्श शासन प्रणाली के श्तंभ हैं, बल्कि बिहार की राजनीति में परिवर्तन के प्रतीक भी बन चुके हैं।

बिहार चुनाव के संदर्भ में इन तीनों मूल्यों की भूमिका, चुनौतियों और संभावनाओं पर विश्तार से प्रकाश डालता है।

**बिहार की राजनीतिक पृष्ठभूमि**

बिहार की राजनीति ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत तक अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। जयप्रकाश नारायण के 'संपूर्ण क्रांति आंदोलन' से लेकर लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के दौर और नीतीश कुमार के सुशासन के युग तक, बिहार की राजनीति ने हमेशा नई दिशा देने का प्रयास किया है।

हालांकि, इन दशकों में जातिगत समीकरण, धनबल, बाहुबल और भ्रष्टाचार ने राजनीति की पवित्रता को कई बार प्रभावित किया। यही कारण है कि आज भी जनता के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है। क्या चुनाव में ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है?

**ईमानदारी का प्रश्न**

ईमानदारी किसी भी लोकतंत्र की आत्मा होती है। यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासन ईमानदार हों, तो विकास स्वाभाविक रूप से होता है। लेकिन बिहार की राजनीति में पूर्व की सरकारों में लंबे समय तक यह मूल्य हाशिए पर रहा। कई चुनावों में उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज रहे, और धनबल के सहारे चुनाव जीतने की परंपरा ने ईमानदारी की जड़ों को कमजोर किया।

हाल के वर्षों में हालांकि एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। युवा मतदाताओं में यह जागरूकता बढ़ी है कि ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देना ही सच्चा लोकतंत्र है। सोशल मीडिया, जनमंचों और नागरिक संगठनों ने पारदर्शिता की मांग को बल दिया है। दल अब अपने घोषणा पत्रों में अधिक व्यावहारिक और तथ्य आधारित वादे कर रहे हैं। ईमानदारी को चुनावी मुद्दा बनाने में युवाओं और सिविल सोसाइटी की भूमिका अहम रही है। इन प्रयासों के बावजूद यह कहना कठिन है कि ईमानदारी पूरी तरह से बिहार की राजनीति में स्थापित हो चुकी है। लेकिन इसकी मांग अब जनता के एजेंडे का हिस्सा बन चुकी है, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

राजनीतिक नैतिकता का अर्थ है कि सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिक सीमाओं का पालन करना, सार्वजनिक जीवन में आचरण की शुचिता बनाए रखना, और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहना। बिहार चुनावों में नैतिकता की स्थिति मिश्रित रही है। एक ओर नेताओं ने नैतिकता की बातें कीं, तो दूसरी ओर राजनीतिक गठबंधन और दल-बदल ने उसकी परीक्षा ली है। बिहार में कई बार देखा गया है कि व्यक्तिगत लाभ या सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक नैतिकता से समझौता किया गया।

जाति, धर्म और क्षेत्र के आधार पर वोट माँगना आज भी नैतिकता के विपरीत माना जाता है, फिर भी यह एक आम चुनावी रणनीति बन चुकी है। चुनावों के समय जनता से किए गए वादों को पूरा न करना नैतिक पतन का द्योतक है। फिर भी, नैतिकता का पुनर्जागरण धीरे-धीरे हो रहा है। कई युवा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता राजनीति में नैतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा, मीडिया और नागरिक संगठनों की निगरानी ने भी राजनीतिक दलों को कुछ हद तक जवाबदेह बनाया है।

**सुशासन की अवधारणा**

"सुशासन" शब्द बिहार की राजनीति में विशेष रूप से चर्चित रहा है। जब 2005 में नीतीश कुमार ने 'सुशासन बाबू' की छवि के साथ सरकार बनाई, तो यह नारा केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक नई शासन दृष्टि बन गया। सुशासन का अर्थ है-पारदर्शी, जवाबदेह, न्यायसंगत और जनहितकारी प्रशासन। बिहार ने इस दिशा में कई सुधार देखे, जैसे सड़क, बिजली, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और महिला सशक्तिकरण में सुधार।

**सुशासन के प्रमुख स्तम्भ में**

कानून व्यवस्था में सुधार, पहले जहाँ अपराध राजनीति से गहराई से जुड़ा था, अब कई सुधारात्मक कदम उठाए गए। ग्रामीण सड़कों, पुलों, स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण से जनता को राहत मिली।

पंचायती चुनावों में महिलाओं को 50% आरक्षण देकर सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। 'साइकिल योजना' और 'पोशाक योजना' जैसे प्रयासों ने शिक्षा को बढ़ावा दिया। महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाने का कार्य सतारूढ़ सरकार ने किया।

लेकिन बिहार में यह चेतना अवश्य आई है कि शासन केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होना चाहिए। चुनाव में तीनों मूल्यों का परस्पर संबंध है। ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन-ये तीनों एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। ईमानदारी के बिना नैतिकता टिक नहीं सकती, और नैतिकता के बिना सुशासन असंभव है। यदि उम्मीदवार ईमानदार और नैतिक होंगे, तो शासन अपने आप पारदर्शी होगा। इसी प्रकार, यदि शासन ईमानदार और जवाबदेह होगा, तो जनता का विश्वास राजनीति में बढ़ेगा। बिहार के चुनावों में यह त्रिकोण अब धीरे-धीरे मजबूत हो गया।

जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि उम्मीदवारों के चरित्र और नीतियों पर ध्यान दे रही है।

राजनीति में नए चेहरे, युवा ऊर्जा, और सामाजिक जागरूकता इस मजबूत शासन की नींव है। यद्यपि बिहार ने कई सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, फिर भी कुछ प्रमुख चुनौतियाँ बनी हुई हैं। धनबल और बाहुबल का हिस्सा न बनने दिया जाए। कई बार अपराध और राजनीति के गठजोड़ ने ईमानदारी को कमजोर किया। युवाओं को बेहतर अवसर मिलने से राजनीति में आदर्शवाद का विकास हुआ है। चुनावी घोषणाएँ अक्सर जमीनी हकीकत से दूर होती हैं।

राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवार चयन में ईमानदारी और योग्यता को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षा प्रणाली में नागरिक नैतिकता और राजनीतिक जागरूकता को शामिल किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को अपराधियों और धनबलियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मीडिया को निष्पक्ष रहकर जनमत निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी शक्ति होती है। यदि मतदाता सजग, जागरूक और नैतिकता के पक्षधर होंगे, तो राजनीतिक दल स्वतः सुधार करने को बाध्य होंगे। बिहार की जनता में यह जागरूकता तेजी से बढ़ी है। आज युवा वर्ग सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रष्टाचार, अन्याय और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आवाज उठा रहा है। ग्रामीण श्तर पर भी पंचायत चुनावों में पारदर्शिता की माँग बढ़ी है, जो लोकतंत्र के परिपक्व होने का संकेत है।

बिहार के चुनाव केवल राजनीतिक घटनाएँ नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के प्रतीक हैं। ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन जैसे मूल्य अब केवल आदर्श नहीं, बल्कि जनआकांक्षा बन चुके हैं। यह परिवर्तन धीमा जरूर है, पर स्थायी दिशा में अग्रसर है। यदि राजनीतिक दल और जनता दोनों मिलकर इन मूल्यों को व्यवहार में उतारें, तो बिहार न केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी भारत के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है।

जब राजनीति ईमानदारी से प्रेरित होगी, शासन नैतिकता से संचालित होगा, और जनता सुशासन की प्रहरी बनेगी-तभी बिहार अपने स्वर्णिम भविष्य की ओर कदम बढ़ाएगा। पहले चरण के मतदान में आखिरी दिन महिलाओ के लिए बड़ी घोषणा करने वाले लालू के सुपुत्र तेजस्वी यादव पर जनता भरोसा कर पाएगी? क्योकि 2005 के पहले लालू के जंगलराज और बिहार में घास चारा घोटाला और केंद्र में मंत्री रहते लालू ने नौकरी के बदले निर्दोष लोगों की जमीन अपने परिवार के नाम करवा दी थी।

अब तक के उदाहरण है कि राहुल ने चुनाव के वक्त चुनाव जीतने पर नकद राशि खाते में डालने की घोषणा की थी। लेकिन कांग्रेस को हार ही मिली। उसी तरह बिहार चुनाव में तेजस्वी ने घोषणा तो की है-लेकिन वोटरों के हाथ मे है। जीविका दीदियों को एकमुश्त 30 हजार रुपए देने का वादा लोगो पर असर नही करेगा। अब तक के उदहारण बताते है कि सत्ता में रहते हुए जो रकम केश दी जाती है, उस पर ही महिला वोटरों ने ज्यादा भरोसा किया है। मध्यप्रदेश में लाडली बहन योजना के तहत महिलाओ के खाते में सरकार ने 1250 रूपए डाल रही थी।

कांग्रेस ने 2023 में दो हजार देने की घोषणा की गई। 2024 में महाराष्ट्र के चुनाव के पहले लाडली बहिन योजना में हर महीने 1500 दे रही थी। अघाड़ी ने तीन हजार रुपए देने का वादा किया। झारखंड में झामुमो सरकार ने प्रतिमाह एक हजार देने का वादा किया।

भाजपा ने 21 सौ देने का वादा किया। लेकिन मतदाताओ को जिस सरकार ने पैसे दिए, उस पर भरोसा किया। तेजस्वी ने 30 हजार की घोषणा, सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त, धान पर 300 और गेहूं पर 400 बोनस आदि घोषणा पर जनता भरोसा कम ही करती है। क्योंकि महागठबंधन की कथनी और करनी में समानता नही दिखाई दे रही है।

# प्राथमिक स्तर से एआई शिक्षा की शुरूआत एक परिवर्तनकारी पहल

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत सरकार की यह योजना एनईपी 2020 की उस भावना को साकार करती है, जो शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्ति का साधन नहीं बल्कि जीवन कौशल, तकनीकी समझ और मानवीय मूल्यों से युक्त नागरिक निर्माण का माध्यम मानती है।

प्राथमिक श्तर से एआई शिक्षा बच्चों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और जिम्मेदार तकनीकी दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।

भारत का शिक्षण तंत्र लंबे समय तक पारंपरिक पद्धतियों पर आधारित रहा है, जहां ज्ञान को रटना और परीक्षाओं में अंक प्राप्त करना ही सफलता का पैमाना माना गया। लेकिन बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था, डिजिटल युग और चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में यह दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं रह गया है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं, बल्कि "स्मार्ट नागरिक" बनाना है-जो न केवल सूचना समझ सके, बल्कि उसका रचनात्मक और नैतिक उपयोग भी कर सके। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार का यह निर्णय कि प्राथमिक श्तर से ही बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल समझ दी जाए, एक दूरदर्शी और नीतिगत दृष्टि से परिपक्व कदम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रमुख उद्देश्य इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली का रूपांतरण है।

नीति यह कहती है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे की जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करे। एनईपी 2020 का सबसे बड़ा फोकस यह है कि बच्चों में "सीखने की खुशी" विकसित हो और शिक्षा रटने की बजाय सोचने, समझने और खोजने की प्रक्रिया बने। इस दृष्टि से देखा जाए तो एआई शिक्षा का आरंभ इसी विचार का विश्तार है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी विषय नहीं है, बल्कि यह सोचने, विश्लेषण करने और समस्या समाधान की कला को विकसित करने का माध्यम है। जब बच्चे प्रारंभिक श्तर से ही तर्कशक्ति, पैटर्न पहचान और आंकड़ों को समझने की क्षमता सीखते हैं, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में अधिक समझदार निर्णय ले सकते हैं। यही एनईपी 2020 का उद्देश्य भी है-ऐसी शिक्षा जो बच्चे को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि विवेकवान बनाए।

एआई को प्राथमिक श्तर पर शामिल करने का एक और बड़ा लाभ यह है कि यह शिक्षा को बहुविषयी बनाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कक्षा में बच्चों को रोबोट की मदद से कहानी सुनाई जाती है, तो वे एक साथ भाषा, गणित, विज्ञान और नैतिकता सीखते हैं।

इस तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शिक्षा का चरित्र "विषय-केंद्रित" न रहकर "अनुभव-केंद्रित" बनता है। एनईपी 2020 का यही लक्ष्य है कि शिक्षा बच्चों के अनुभव और रुचि के आधार पर दी जाए, ताकि सीखना एक स्वाभाविक प्रक्रिया बन सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में "मौलिक साक्षरता और गणनात्मक क्षमता" यानी बुनियादी पढ़ने-लिखने और गिनने की योग्यता को प्राथमिक चरण की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया गया है। यदि इसी श्तर पर बच्चों को एआई की प्रारंभिक अवधारणाएँ, जैसे-तर्क श्रृंखला, डेटा पहचान, पैटर्न समझना या निर्णय लेना-सिखाई जाएं, तो उनकी सोचने और विश्लेषण करने की शक्ति कई गुना बढ़ सकती है। यह उन्हें न केवल डिजिटल युग के अनुकूल बनाता है, बल्कि भविष्य के रोजगार और नवाचार की दिशा में भी सक्षम बनाता है।

हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन के साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ी चुनौती है-डिजिटल असमानता। भारत के कई ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट, कंप्यूटर और प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। यदि एआई शिक्षा को समान रूप से लागू नहीं किया गया तो यह अमीर और गरीब बच्चों के बीच एक नई "डिजिटल खाई" पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति समावेशिता और समान अवसर पर बल देती है, इसलिए सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देना होगा कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, एआई शिक्षा का लाभ उठा सके।

शिक्षक प्रशिक्षण इस पहल की दूसरी बड़ी आवश्यकता है। एआई शिक्षा को सफल बनाने के लिए केवल पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि सक्षम और प्रशिक्षित शिक्षक भी आवश्यक हैं। एनईपी 2020 शिक्षकों को "सीखने का सहायक" मानती है, जो बच्चों को प्रेरित करें, मार्गदर्शन दें और जिज्ञासा को पोषित करें। इसके लिए शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने होंगे, जिसमें उन्हें एआई की बुनियादी समझ, नैतिक पक्ष और शिक्षण में तकनीक के उपयोग की विधियाँ सिखाई जाएं।

एआई शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण पहलू नैतिकता है। यदि बच्चों को केवल तकनीक सिखाई जाए और उसमें मानवीय संवेदनाओं, जिम्मेदारी और सह-अशितत्व का भाव न जोड़ा जाए, तो यह शिक्षा अधूरी होगी। एनईपी 2020 ने "नैतिक और मानवीय मूल्यों" को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताया है। अतः एआई के साथ "नैतिक एआई" की अवधारणा सिखाना अनिवार्य होना चाहिए, जिससे बच्चे समझें कि तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के कल्याण के लिए कैसे किया जा सकता है।

इस योजना को सफल बनाने के लिए पाठ्यचर्या में भी नवाचार की आवश्यकता है। एआई शिक्षा को बोझ न बनाकर बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना होगा। उदाहरण के लिए, खेल-खेल में मशीन की सोच समझाना, चित्रों से आंकड़ों का विश्लेषण सिखाना या कहानियों के माध्यम से कार्य-प्रणाली का अर्थ समझाना-ऐसे उपायों से बच्चे इसे सहज रूप से ग्रहण करेंगे। एआई को बच्चों के अनुभवात्मक और खोज-आधारित शिक्षण का हिस्सा बनाया जा सकता है।

यह पहल भारत के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भी एक रणनीतिक अवसर प्रश्तुत करती है। आज विश्व के विकसित देश प्राथमिक श्तर पर ही बच्चों को कोडिंग, डेटा साक्षरता और एआई आधारित समस्या समाधान सिखा रहे हैं। यदि भारत भी अपने बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से इस दिशा में तैयार करता है, तो आने वाले दशक में वह "कृत्रिम बुद्धिमत्ता का केंद्र" बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, बल्कि भारत नवाचार और तकनीकी नेतृत्व में भी अग्रणी बन सकता है।

फिर भी, आलोचनात्मक दृष्टि से देखा जाए तो केवल नीतिगत घोषणा पर्याप्त नहीं है। एआई शिक्षा को वाश्तविक रूप में प्रभावी बनाने के लिए तीन प्रमुख सुधार आवश्यक हैं। पहला, डिजिटल ढांचे का समान विश्तार, ताकि हर स्कूल में इंटरनेट, कंप्यूटर और स्मार्ट उपकरण उपलब्ध हों।

दूसरा, स्थानीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री, ताकि भाषा किसी बच्चे की सीखने में बाधा न बने और एनईपी 2020 के बहुभाषिकता के सिद्धांत का पालन हो। तीसरा, सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से शिक्षा में तकनीकी निवेश को बढ़ाना, जिससे संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी पूरी की जा सके।

इन सुधारों के साथ यदि यह योजना प्रभावी रूप से लागू होती है, तो यह भारत की शिक्षा प्रणाली में एक मौलिक परिवर्तन ला सकती है। यह केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि भविष्य की जीवनशैली, कार्य संस्कृति और मानवीय दृष्टिकोण को भी नया आकार देगी।

अंततः यह कहा जा सकता है कि प्राथमिक श्तर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा शुरू करना केवल एक तकनीकी पहल नहीं, बल्कि यह एक वैचारिक क्रांति है। यह बच्चों को उस युग के लिए तैयार करती है जहाँ मशीनें और मानव मिलकर कार्य करेंगे, लेकिन निर्णय और विवेक का केंद्र फिर भी मनुष्य ही रहेगा। एनईपी 2020 ने जिस "इक्कीसवीं सदी के नागरिक" की कल्पना की है-जो जिज्ञासु, सृजनशील, संवेदनशील और जिम्मेदार हो-एआई शिक्षा उसी सपने को साकार करने का माध्यम बन सकती है।

यदि सरकार इस दिशा में समावेशी दृष्टिकोण, शिक्षक सशक्तिकरण और नैतिक चेतना के साथ आगे बढ़ती है, तो यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी एक नया अध्याय लिख सकती है।

यह वह कदम है जो भारत को "ज्ञान से शक्ति" की ओर ले जाएगा-और "विकसित भारत 2047" के स्वप्न को साकार करने की ठोस आधारशिला बनेगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.khabariya.com **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI**-UPHIN/2009/30721

## घर मे घुसे जहरीले सांप को सर्पमित्र बी भास्कर ने पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। गांव दरबारपुर निवासी जय सिंह के घर में बुधवार को सांप दिखाई दिया जो घर में रखी लकडियों के नीचे घुस गया। इससे घर में रहने वाले लोग भयभीत हो गए। घर में सांप होने की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड दिया। सर्पमित्र बी. भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सांप रसेल वाइपर प्रजाति है। यह भारत के सबसे घातक और जहरीले सांपों में से एक है। यह सांप फुर्तीला और आक्रामक होता है। इसका जहर हेमोटोक्सिक होता है। इसके काटने पर नसों में खून के थक्के बनने लगते हैं। समय पर और सही इलाज न मिलने पर मरीज की मौत हो सकती है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सांप के काटने पर झाडफूंक के फेर में न पड़कर सीध सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। वहां एंटी स्नेक वेनम हर समय उपलब्ध रहती हैं। उन्होंने सांपों को प्रकृति का मित्र बताते हुए उन्हें कभी न मारने की भी अपील की।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सपा विधायक पूर्व मंत्री मनोज पारस ने पत्नी संग गुरुद्वारे में दी हाजरी

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। विश्व को शांति, सद्भाव भाईचारे और सेवा का संदेश देने वाले सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के महा पर्व पर लखनऊ में स्थित कैंट के गुरुद्वारे में विधायक नगीना पूर्व मंत्री उ० प्र० सरकार माननीय मनोज पारस एवं उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) हाजरी दी। वैसे हर वर्ष वह अपने विधानसभा क्षेत्र नगीना के गुरुद्वारे में इस महा पर्व पर अपनी पत्नी के साथ सम्मिलित होते थे ।परन्तु वहा न होने की वजह से आज लखनऊ के कैंट के गुरुद्वारे में हाजरी दी। विधायक पारस ने गुरुनानक जी से अपनी विधानसभा तथा समश्त प्रदेश और पूरे देश की खुशहाली के लिये अरदास की। विशेष तौर से ये अरदास भी की 2027 में आने वाले समय में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बने। जिससे कि गरीबों मजलूमों दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यको को न्याय मिल सके।

## दहेज प्रताड़ना और छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷। लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने नगर कोतवाली में ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कराया है। महिला ने ससुर पर छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच-पड़ताल कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी दिसंबर 2023 में नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले सुदीप के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में माता-पिता ने करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास-ससुर, ननद, मौसेरी सास व उसके दो बेटे तथा जेठ-जेठानी उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग मायके से लग्जरी गाड़ी दिलाने का दबाव डाल रहे थे। मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने मारपीट करते हुए उन्हें बेटी नव्या सहित घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 25 अक्तूबर को डायल-112 पर शिकायत की और 29 अक्तूबर को पुलिस आयुक्त को प्रार्थना-पत्र दिया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिला का कहना है कि जब वह 29 अक्तूबर की रात करीब नौ बजे भाई के साथ ससुराल लौटीं तो ससुर ने उनके साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। यहां तक कि उनके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता का कहना है कि वह पिता और भाई के साथ थाना कोतवाली और लोनी बॉर्डर थाने गईं, लेकिन दोनों ही थानों में उनकी सुनवाई नहीं हुई। थक-हारकर पीड़िता ने फिर से पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

## महिला को सम्मोहित कर तीन लाख रुपये के जेवरात ठगे

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷। मुरादनगर के दिल्ली मेरठ मार्ग पर आयुध निर्माणी गेट के पास महिला को सम्मोहित कर लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवरात ठगने का मामला सामने आया है। महिला को ठगी करने वाली महिलाएं जंगल में फेंककर फरार हो गई। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी सविता शर्मा परिवार सहित रहती है। गत दो नवंबर को वह अपने रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए दिल्ली मेरठ मार्ग पर आयुध निर्माणी गेट के पास गई थी। इसी बीच उनके पास एक महिला आई और पूछने लगी कि धौला कुआं कहा है। इसी बीच एक और महिला आ गई। आरोप है कि दोनों महिलाओं ने सविता शर्मा को सम्मोहित कर दिया। इसके बाद सोने की चेन,कुंड़ल व अगुठी उतारवा ली और महिला को एक किलोमीटर दूर जंगल में फेंककर फरार हो गई।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत, पुत्र घायल

✷ **एनसीआर टुडे. किरतपुर** ✷

बुधवार शाम अपनी ससुराल में साले के लगन से लौट रहे सफाई कर्मचारी व उसकी पत्नी बाइक से आ रहें थे। तभी तेज स्पीड स्कॉर्पियो कार से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।

जिसमें पति की मौके पर ही मौत हो गई और पत्नी व पुत्र आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा अंजू को भी मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम 6:00 बजे गौरव पुत्र वीरपाल निवासी भरत विहार कॉलोनी बिजनौर उम्र 32 वर्ष अपनी पत्नी अंजू उम्र 30 वर्ष एवं 10 वर्षीय पुत्र आदित्य के साथ अपनी बाइक द्वारा गांव मोचीपुरा से अपने साले के लग्न के कार्यक्रम से होकर वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही वह अपनी बाइक द्वारा हाईवे पर आया किरतपुर की तरफ से आ रही तेज स्पीड स्कॉर्पियो कार की टक्कर से टकरा गए।



टक्कर इतनी ज़बरदश्त थी की गौरव की मौके पर ही मृत्यु हो गई और चिकित्सकों द्वारा अंजू को स्वास्थ्य केंद्र पर मृत घोषित कर दिया गया और उसके 10 वर्षीय पुत्र आदित्य की स्थिति को गम्भीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया

जिस स्कॉर्पियो कार से टक्कर हुई है वह पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की म्रतक के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है और दोनों के शव मेडिकल हॉस्पिटल बिजनौर में मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं।

मृतक गौरव मेडिकल हॉस्पिटल बिजनौर में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्य कर्ता था एवं उसकी एक 11 वर्षीय पुत्री गुनगुन घर पर ही थी।

## सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन के भाई से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



✷ **एनसीआर टुडे. झालू** ✷

नगर की नहटौर रोड स्थित पानी की टंकी के पास बुधवार शाम मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना में पूर्व नगर पालिका चेयरमैन एवं पूर्व सपा जिलाधयछ राशिद हुसैन के भाई रागिब हुसैन उर्फ शहजादा के साथ मारपीट की गई।

रागिब हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 नवंबर 2025 को वे अपने परिवार के साथ भानजी के रिश्ते में मोहल्ला कानूनगोयान गए थे। लौटते समय अपने साथी रिजवान उर्फ मोनू के साथ टंकी के पास किसी परिचित से मिलने पहुंचे।

तभी रिहान पुत्र इरफान, सलमान पुत्र इरफान और एक अन्य व्यक्ति ने मोनू पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। रागिब ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया।, उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। बताया गया कि रागिब के ड्राइवर की सूझबूझ से उनकी जान बच सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच एक माह पूर्व भी विवाद हुआ था।, जिसके निपटारे की बातचीत चल रही थी। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और रागिब हुसैन की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तम शुगर मिल के छोटे तौल कांटे से परेशान भाकियू लोक शक्ति के कार्यकर्ता ने किया धरना प्रदर्शन

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷

थाना मंडावर चुंगी के निकट गांव लालपुर चौराहे पर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के बैनर तले किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने मिल में जा रहे गन्ने से भरे ट्रकों को रोककर गन्ना तौल केंद्र की अव्यवस्थाओं के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। धरना स्थल पर पहुंचे भाकियू (लोक शक्ति) के जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सिंह ने बताया कि मंडावर स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर लालपुर, लायकपुरी, सुखानंदपुर और कस्बा मंडावर के किसानों का गन्ना तौला जाता है।

लेकिन केंद्र पर लगे छोटे कांटे के कारण गन्ने की तौल सही ढंग से नहीं हो पाती। जिससे हर सीजन किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर दो महीने पहले ही जिला गन्ना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था,। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों की लगातार उपेक्षा के चलते मजबूर होकर धरना देना पड़ा। धरना प्रदर्शन का असर कुछ ही देर में दिखाई दिया। मिल के केन मैनेजर कुलदीप सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा किसानों से वार्ता कर 20 दिन के भीतर बड़ा तोल कांटा लगवाने का आश्वासन दिया। किसानों ने कहा कि अब देखना यह होगा कि यह केवल आश्वासन साबित होता है या वाश्तव में उस पर अमल भी किया जाएगा। छोटे कांटे की वजह से तीनों गांव एवं कस्बा मंडावर के किसान लंबे समय से परेशान हैं।

# प्रदेश में बड़े पैमाने पर माध्यमिक शिक्षकों के तबादले, जून से इंतजार कर रहे थे अध्यापक

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों के 1549 शिक्षकों को अंततः तबादला मिल गया। यह शिक्षक जून से ऑफलाइन तबादलों का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को इनके तबादला आदेश जारी कर दिए गए। शिक्षक इसे विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं।



एडेड माध्यमिक विद्यालयों में इस साल पहले ऑफलाइन तबादले के लिए आवेदन ले लिए गए। इसके तहत 1641 शिक्षकों ने आवेदन किया था। जबकि बाद में यह तय हुआ कि ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यम से तबादले किए जाएंगे। इसके बाद जून में ऑनलाइन आवेदन वाले तबादले तो हो गए लेकिन ऑफलाइन हुए आवेदन वाले तबादले फंस गए। इसके लिए शिक्षकों ने कई बार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दिया।

अंत में पिछले दिनों माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के आवास के सामने भी धरना दिया। इसके बाद विभाग ने विशेष परिस्थितियों में इन ऑफलाइन तबादले करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बुधवार को तबादले जारी कर दिए गए। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता, सहायक अध्यापकों के तबादले वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।

1641 में से 1549 शिक्षकों को तबादला मिला है। कुछ शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन के बाद तबादले हो गए हैं या उनके कागज आदि अपूर्ण रहे हैं। इसकी वजह से वे बच गए। बता दें कि विभाग ने नए सत्र 2026-27 के लिए पहले ही निर्देश जारी कर दिया है कि शिक्षकों के तबादले ऑनलाइन ही होंगे। ताकि शिक्षकों के बीच इसे लेकर किसी तरह का कोई भ्रम की स्थिति न रहे।

# प्रदेश में सर्दी का आगमन

### 12 जिलों में 15 डिग्री के नीचे गया रात का तापमान, जारी हुए पूर्वानुमान

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अब धीरे धीरे रातें सर्द होनी शुरू हो गई हैं। बुधवार को प्रदेश भर में पूरब से पश्चिम तक के लगभग 12 जिलों में रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। बुधवार का प्रदेश भर में मौसम साफ रहा और दिन में गुनगुनी धूप खिली।



मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में प्रदेश भर में रात के तापमान में 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट आएगी। हालांकि दिन के अधिकतम तापमान में अभी कोई खास बदलाव का पूर्वानुमान नहीं है। वहीं पूर्वांचल और तराई के इलाकों में सुबह के वक्त धुंध और कोहरा छाए रहने की संभावना है।

बुधवार को बाराबंकी, कानपुर शहर, इटावा, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, अमेठी, बरेली, मुजफ्फर नगर, मेरठ, बुलंदशहर में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे लुढ़क गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों में प्रदेश भर में रात के पारे में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के संकेत हैं। तराई व पूर्वांचल में सुबह के वक्त धुंध व कोहरे का असर भी दिखाई देगा।

**लखनऊ में अब रातें होंगी ठंडी, सुबह बढ़ेगा कोहरा :** राजधानी में बुधवार को दिन में गुनगुनी धूप रही। दिन के तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की बढ़त रही। इसके बावजूद मौसम सुहाना रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में अगले तीन-चार दिन में रात के पारे में 3 से 5 डिग्री की गिरावट के संकेत हैं। वहीं, सुबह के वक्त धुंध व कोहरे का असर भी बढ़ेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 0.9 डिग्री की गिरावट के साथ 30.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री की बढ़त के साथ 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

# भूपेश अवस्थी और बेटे रोहित की तलाश में क्राइम ब्रांच जुटी, दोनों पर अखिलेश के लिए काम करने का आरोप





**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में कर्मचारी नेता भूपेश अवस्थी और उसके बेटे रोहित अवस्थी की तलाश में पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी लगी है। दोनों साकेतनगर की महिला कारोबारी के मामले में आरोपी हैं। उनके खिलाफ मंगलवार को गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। पुलिस ने कई जगह दबिशें दी थीं लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला था। दोनों पर अखिलेश दुबे के लिए कार्य करने का आरोप है।

भूपेश अवस्थी भाजपा नेता है। साकेतनगर की महिला कारोबारी ने 2011 में किदवईनगर थाने में अखिलेश दुबे, अनुज निगम, भूपेश अवस्थी, रोहित अवस्थी के खिलाफ मारपीट करने, चेन तोड़ने, रुपये लूटने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच अधिकारी ने महज चार घंटे में जांच कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। महिला कारोबारी ने तत्कालीन पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से अखिलेश दुबे और अन्य आरोपियों की शिकायत की।

### फिर जमानती वारंट जारी हुआ

इस पर कोर्ट में अर्जी देकर मामले में पुनर्विवेचना शुरू हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पिता-पुत्र को समन भेजकर कोर्ट में बुलाया गया, लेकिन दोनों नहीं आए। फिर जमानती वारंट जारी हुआ। दोनों ने शपथ पत्र दिया है, जिसमें भूपेश अवस्थी ने स्वयं को कर्मचारी संगठन के कार्यक्रम में लखनऊ होने और रोहित अवस्थी ने दिल्ली में होने की जानकारी दी है।

### क्राइम ब्रांच को भी जिम्मेदारी सौंपी

कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पिता-पुत्र ने किसी तरह का कोई सबूत नहीं दिया है। इससे घटना के समय उनके बाहर होने की पुष्टि नहीं हो पा रही है। कमिश्नरी पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस के सहयोग के लिए क्राइम ब्रांच को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती... फिर दो दिन होटल में बंधक बनाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, घर से कुछ दूर छोड़कर भागे

**लखनऊ, एजेंसी।** सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली 15 वर्ष की दलित किशोरी को उसके दोस्त ने दो नवंबर की रात मिलने के बहाने बुलाया। अपने दो साथियों के साथ किशोरी को स्कॉर्पियो से मड़ियांव स्थित एक होटल ले गया। आरोप है कि होटल में दो युवकों ने किशोरी को दो दिन बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। मंगलवार दोपहर आरोपी किशोरी को उसके घर के पास छोड़कर भाग गए। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

पीड़ित की मां के अनुसार उनकी बेटी एक निजी स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा है। करीब डेढ़ माह पहले आगरा एक्सप्रेसवे के पास रहने वाले विमल नाम के युवक से बेटी की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। दोनों दोनों में फोन पर बातें भी होने लगीं। दो नवंबर की रात करीब 10 बजे विमल ने बेटी को मिलने के बहाने से घर से कुछ दूर बुलाया। किशोरी जब वहां पहुंची तो विमल के साथ उसके दो साथी पीयूष और शुभम मिश्रा भी मौजूद थे। ये लोग किशोरी को बहाने से स्कॉर्पियो में बैठाकर मड़ियांव के आईआईएम रोड स्थित एक होटल में ले गए जहां विमल और पीयूष ने किशोरी से दुष्कर्म किया।

**घर के पास छोड़कर भागे आरोपी :** दो दिन तक होटल के कमरे में कैद किशोरी के काफी गिड़गिड़ाने पर आरोपी उसे मंगलवार दोपहर घर से कुछ दूर छोड़कर भाग गए। घर पहुंच कर किशोरी ने मां को सारी बात बताई। बुधवार को मां बेटी को लेकर सरोजनीनगर थाने पहुंचीं और पुलिस को सारी बात बताई।

## घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

लोनी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में निवासी महिला के साथ युवक ने घर में घुसकर अभद्रता की। महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

लोनी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में निवासी महिला का विवाह कुछ वर्ष पहले जनपद बागपत थाना बड़ौत के एक गांव में हुआ था।

आरोप है कि महिला के ससुराल में रहने वाला युवक उन्हें परेशान करता है। युवक से परेशान होकर महिला परिजनों के पास मायके आ गई। जिस पर मंगलवार दोपहर युवक घर में घुस गया और महिला के साथ अभद्रता करना लगा। महिला के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक मारने की धमकी देता हुआ मौके से भागने में कामयाब हो गया।

महिला के भाई ने आरोपी के खिलाफ लोनी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

## पूर्व सीएम मायावती के आदेश पर मुस्लिम भाईचारा कमेटी के विधान सभा संयोजक बने आरिफ उस्मानीं

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷

गुरूवार को नगीना के मोहल्ला सरायमीर पहुंचे मुरादाबाद मंडल भाईचारा कमेटी के मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अल्वी का फूलों से जोरदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नाजिम अल्वी ने कहा कि आने वाला समय उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुंवारी मायावती का है। उन्होने कहा कि आज के समय में हर तरफ लूट खसोट का बोल बाला है अधिकारी बेलगाम हो गये, किसान मजदूर परेशान हैं। इसलिये ही सर्व समाज आज बहन जी ओर उम्मीद भरी नज़रों से देख रहा है।



इस मौके पर नाजिम अल्वी ने पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के आदेश पर मुस्लिम भाईचारा कमेटी के विधान सभा संयोजक के रूप में नगीना निवासी आरिफ उस्मानी को विधानसभा के संयोजक और साथ ही राम गोपाल को सहसंयोजक के रूप में नियुक्ती देकर उनसे मुस्लिम समाज के लोगों को बीएसपी से जोड़ने की उम्मीद की है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अजय कुमार सार्गर, मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल भाईचारा कमेटी एवं दिलीप कुमार पिंटू, रविंद्र कुमार एवं मुस्लिम समाज के सम्मानित लोग मोहम्मद यासर, बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष यामीन उस्मानी, मोहम्मद रिहान अंसारी, इसरार अहमद, जुबेर मलिक, शोएब अहमद, इमरान अहमद, मोहम्मद अजहर, जफर अली उस्मानी, साजिद सैफी, रामकिशन, मास्टर राशिद माहिगिर, सय्यद स्नोरा जैदी, मौजूद रहे।

# मुसलमानो को चाहिए अपने बच्चो को दीन व दुनिया की तालीम देनी चाहिए मुफ्ती अबरार क़ासमी

✷ **एनसीआर टुडे. बिजनौर** ✷

नमाज़-ए-इशा के बाद सलीम एडवोकेट वसीम एडवोकेट के निवास पर एक दीनी मजलिस का इनक़ाद हुआ मुफ़्ती अबरार क़ासमी की सदारत में, और हाफ़िज़ अकदस की तिलावत-ए-क़ुरआन पाक से महफ़िल की शुरुआत हुई।

मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने "आख़िरत की फ़िक्र" के विषय पर ख़िताब करते हुए फ़रमाया कि दुनिया एक अस्थायी ठिकाना है, असली ज़िंदगी आख़िरत की है।

उन्होंने कहा कि कामयाबी उसी की है जो दुनिया में आख़िरत की तैयारी करे और अपने अंजाम पर नज़र रखे।

उन्होंने नौजवानों को नसीहत की कि वक़्त को ग़नीमत समझकर दीन की ख़िदमत में लग जाएँ।



मुफ्ती नज्मुद्दीन साहब ने "क़ल्बी सुकून आता है ख़ुदा के ज़िक्र से" के उन्वान पर फ़रमाया कि दिलों का इतमिनान सिर्फ़ अल्लाह के ज़िक्र से हासिल होता है।

उन्होंने कहा कि जो दिल ज़िक्र-ए-इलाही से खाली हो, वह बेक़रारी और बेचैनी में मुब्तला रहता है।

उन्होंने मस्जिदों और इज्तिमाओं में ज़िक्र और दुआ को आम करने की तालीम दी।

मुफ्ती अबरार ने "मुआशरे की इस्लाह" पर गुफ़्तगू करते हुए फ़रमाया कि बिगाड़ की जड़ दीन से ग़फ़लत है।

उन्होंने कहा कि अगर हर शख़्स ख़ुद को दुरुश्त कर ले तो पूरा मुआशरा सँवर सकता है।

उन्होंने इस्लामी अख़लाक़, अद्ल (न्याय) और भाईचारे को सामाजिक तरक़्क़ी की बुनियाद क़रार दिया।

दिनी जलसे मे शामिल मुफ़्ती अबरार मुफ़्ती नबील मुफ़्ती नजमुल साक़ीब मौलाना वकील साब सलीम एडवोकेट वसीम एडवोकेट शादमान एडवोकेट कल्लू भाई मास्टर शाहनवाज़ हाफिज अस्लम फारूक अंसारी सभासद् असलम सिद्दीकी अफजल हुसैन रिजवान आदि मौजूद रहे अंत वसीम एडवोकेट अंसारी ने सबका शुक्रिया अदा किया



## चौथा टी-20

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने चौथे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हरा दिया। गोल्ड कोस्ट में गुरुवार को 168 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। वॉशिंगटन सुंदर ने 3 रन देकर 3 विकेट झटके। अक्षर पटेल और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले।

इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ 56 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। कप्तान सूर्यकुमार यादव 20 और शिवम दुबे 22 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 3-3 विकेट झटके। जैवियर बार्टलेट और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। मैच का स्कोरबोर्ड

भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच को जीतकर 1-0 की बढ़त ली थी। उसके बाद भारत ने तीसरे मैच में जीत दर्ज करके 1-1 की बराबरी हासिल की थी।

## स्वियाटेक को हराकर एनिसीमोव ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की चौथी सीड अमांडा एनिसीमोव ने बुधवार को पोलैंड की दूसरी सीड इगा स्वियाटेक को 6-7 (3), 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। इसी के साथ अमांडा एनिसीमोव ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। मुकाबले के पहले सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस को मजबूती से बनाए रखा। हालांकि, एनिसीमोवा ने चार ब्रेक प्वाइंट हासिल किए, लेकिन स्वियाटेक ने उन सभी को बचा लिया। पहले 12 गेम सर्विस पर जाने के बाद टाईब्रेक में 7-6 (3) से जीत हासिल की। मुकाबले का दूसरा सेट भी काफी कड़ा रहा। एनिसीमोव ने तीसरे गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बचाकर अपनी सर्विस बचाई। दोनों ने 5-4 तक अपनी सर्विस बनाए रखी। स्वियाटेक के पांचवें सर्विस गेम में, अमेरिकी खिलाड़ी ने एक महत्वपूर्ण लेट ब्रेक का मौका भुनाया और मैच को बराबर करने के लिए सेट 6-4 से जीत लिया।



● चैंपियंस लीगः

## फिल फोडेन ने दागे 2 गोल, डॉर्टमुंड के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी की आसान जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। इसी के साथ टीम ने चैंपियंस लीग स्टैंडिंग में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। फिल फोडेन इस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। डॉर्टमुंड ने शुरुआती समय में मैनचेस्टर सिटी को रोके रखा, लेकिन 22वें मिनट फिल फोडेन ने बॉक्स के किनारे से एक सटीक लो शॉट लगाकर मैच का रुख बदल दिया।

इसके 7 मिनट बाद एर्लिंग हालैंड ने डोकू के क्रॉस पर एक जोरदार शॉट लगाकर सिटी की बढ़त को दोगुना कर दिया। यहां से डॉर्टमुंड मुकाबले में 0-2 से पिछड़ गई थी। शानदार शुरुआत के बावजूद मेहमान टीम सिटी की गति और मूवमेंट को संभालने में नाकाम रही। हाफ टाइम से पहले गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल को बार-बार एक्शन में आना पड़ा। फिल फोडेन ने 57वें मिनट में फिर से गोल दागते हुए स्कोर 3-0 कर दिया। मुकाबले के 72वें मिनट डॉर्टमुंड ने जवाब दिया। वाल्डेमर एंटोन ने एक शॉर्ट फ्री किक के बाद वॉली मारकर गोल किया। मैच खत्म होने में 20 मिनट से भी कम समय शेष रह गया था। मुकाबले का स्कोर 3-1 था। इस बीच बुंडेसलीगा टीम ने आगे बढ़कर हमला किया। करीम एडेयेमी दो बार गोल के करीब पहुंचे, लेकिन सब्स्टीट्यूट रेयान चेर्की ने स्टॉपेज टाइम (90+1) में गोल करके नतीजा पक्का कर दिया।

मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग स्टैंडिंग में अब टॉप-3 टीमों बायर्न म्यूनिख, आर्सेनल और इंटर से सिर्फ 2 प्वाइंट पीछे है। अब डॉर्टमुंड इस महीने के आखिर में विलारियल की मेजबानी करने से पहले अपनी पहली चैंपियंस लीग हार से उबरने की कोशिश करेगा। डॉर्टमुंड के कोच निको कोवाक ने कहा, 'हमने देखा है कि सिटी साफतौर पर बेहतर टीम है। हमने अच्छी शुरुआत की, लेकिन काफी मौके नहीं बना पाए और कुल मिलाकर बहुत पैसिव रहे।

यह मुकाबला सिटी के खिलाफ था, लेकिन चार गोल खाना फिर भी थोड़ा ज्यादा है, आखिर में गोलों का अंतर भी मायने रख सकता है। '



# ED का एक्शन, रैना-धवन की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 'वनएक्सबेट' मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व क्रिकेटर्स सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जब्त की गई संपत्ति में सुरेश रैना के नाम से 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड और शिखर धवन की 4.5 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है। ईडी की जांच में पता चला कि दोनों खिलाड़ियों ने वनएक्सबेट के अवैध होने की जानकारी के बावजूद इसके प्रतिनिधियों का समर्थन किया था। इसके साथ ही एजेंसी ने 1 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले का खुलासा किया है।

इसमें 6,000 से ज्यादा म्यूचुअल खाते और कई असत्यापित भुगतान गेटवे शामिल हैं। ईडी ने अब तक 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि और 60 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। फिलहाल आगे की जांच जारी है। ईडी के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों ने वनएक्सबेट और उससे जुड़े सरोगेट ब्रांड्स का





जानबूझकर प्रचार किया। इससे भारत में अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने विदेशी कंपनियों के साथ प्रचार अनुबंध किए और उनका भुगतान विदेशी माध्यमों की मदद से लेयर ट्रांजैक्शन के जरिए कराया। अवैध फंड्स की असल पहचान भी छिपाई गई।

उल्लेखनीय है कि इस पूरी जांच में कई राज्यों की पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में कंपनियों पर धोखाधड़ी, ऑनलाइन सट्टेबाजी, अवैध वित्तीय लेनदेन के आरोप लगे थे। इन्हीं आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी, जिसमें विदेशी अकाउंट से जुड़ी फाइलें और हवाला नेटवर्क के दस्तावेज भी मिले थे। वनएक्सबेट ने स्पोर्ट्स प्रमोशन कॉन्ट्रैक्ट्स के जरिए भारत में खेल प्रेमियों तक अपनी पहुंच बनाई। अपनी ऐप के प्रमोशन के लिए इसने सेलिब्रिटीज और इन्फ्लुएंसर्स को पैसा देकर प्रचार करवाया।

## ICC से लगाई ये गुहार

## आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को देखना चाहते हैं वसीम अकरम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने आईसीसी से मांग की है कि 'खेल से राजनीति को अलग करने' के लिए वो दखल दे। विजडन को दिए इंटरव्यू में अकरम ने कहा कि वह क्रिकेट में राजनीति को नापसंद करते हैं।



हर लीग क्रिकेट में हर देश के खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए। उनका साफ इशारा इंडियन प्रीमियर लीग की तरफ था। महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने आईसीसी से मांग की है कि 'खेल से राजनीति को अलग करने' के लिए वो दखल दे। विजडन को दिए इंटरव्यू में अकरम ने कहा कि वह क्रिकेट में राजनीति को नापसंद करते हैं।

हर लीग क्रिकेट में हर देश के खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए। उनका साफ इशारा इंडियन प्रीमियर लीग में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के खेलने पर लगे बैन की तरफ था। इंटरव्यू में अकरम ने कहा, 'सॉरी, लेकिन मैं क्रिकेट में राजनीति को पसंद नहीं करता। साफ-साफ कहता हूं। खेल को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। लीग क्रिकेट में हर देश के खिलाड़ियों को चुनो।

हिम्मती बनो। बड़े दिल वाला बनो। लेकिन दुर्भाग्य से ये नहीं हो रहा है। और मुझे लगता है कि यहां आईसीसी को दखल देना चाहिए। यहां क्रिकेट बोर्ड्स को आगे आना चाहिए। यह मायने नहीं रखना चाहिए कि लीग का मालिक कौन है। यह मायने नहीं रखता कि टीमों के मालिक कौन हैं। हर देश के हर खिलाड़ी को चुना जाना चाहिए।'

अकरम ने वैसे तो पाकिस्तानी क्रिकेटरों या आईपीएल का जिक्र नहीं किया। सीधे-सीधे ये नहीं कहा कि आईपीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मौका मिलना चाहिए लेकिन उनका इशारा तो एकदम साफ था। आईपीएल में किसी भी देश का खिलाड़ी खेल सकता है, बस पाकिस्तान का नहीं।

वैसे पाकिस्तान के खिलाड़ी हमेशा से आईपीएल में बैन नहीं रहे हैं।

## 63वें वालोंग डे पर 'वालोंग डे हॉफ मैराथन' का आयोजन



**वालोंग (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी।** वालोंग हॉफ मैराथन 2025 भारतीय सैनिकों के अमिट साहस, बलिदान और धैर्य को समर्पित है। यह कार्यक्रम भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश की जनता के बीच अटूट संबंध और परस्पर गर्व का प्रतीक बना। भारत की पूर्वी सीमा पर स्थित वालोंग के युद्धक्षेत्र से बुधवार को 'वालोंग हॉफ मैराथन 2025' का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन भारतीय सेना द्वारा 63वें वालोंग डे के उपलक्ष्य में किया गया, जिसने 1962 के भारत-चीन युद्ध में हुए वीरता भरे वालोंग युद्ध की स्मृति को पुनर्जीवित किया।

**● 1962 के ऐतिहासिक युद्ध की वीरता को श्रद्धांजलि**

इस मैराथन में करीब 700 प्रतिभागियों, जिनमें सेना के जवानों से लेकर नागरिक पुरुष और महिलाएं भी शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ को तीन श्रेणियों में बांटा गया था, 21 किमी हॉफ मैराथन, 10 किमी रन और 5 किमी ट्रिब्यूट रन, जिसमें प्रतिभागियों ने देश के वीर सपूतों के सम्मान में कदम से कदम मिलाया। यह मैराथन केवल शारीरिक सहनशक्ति और फिटनेस की परीक्षा नहीं थी, बल्कि इसमें स्मरण, एकता और देशभक्ति का संदेश भी निहित था। विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए, जिनमें पदक और दो लाख रुपए तक की नकद राशि भी शामिल थी। प्वालोंग हाफ मैराथन 2025 भारतीय सैनिकों के अमिट साहस, बलिदान और धैर्य को समर्पित है। यह कार्यक्रम भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश की जनता के बीच अटूट संबंध और परस्पर गर्व का प्रतीक बना। घाटी की हर दौड़ती कदमध्वनि ने सम्मान, गौरव और 'स्पिरिट ऑफ वालोंग' की अमर भावना को फिर से जीवंत किया।

चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक ने कर दिया खुलासा

# एमएस धोनी नहीं खेलेंगे आईपीएल 2026

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के समाप्त होते ही ये चर्चा शुरू हो गई कि चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल का अगला सीजन खेलेंगे या नहीं. वहीं इस बात पर जब-जब धोनी से सवाल किया गया, तब-तब माही ने इस सवाल के जवाब को देने के लिए कुछ वक्त मांगा. लेकिन अब सीएसके के मालिक काशी विश्वनाथन ने एमएस धोनी के अगले आईपीएल 2026 में खेलने के बारे में बड़ा अपडेट दिया है.



### सीएसके के मालिक ने धोनी पर क्या कहा?

महेंद्र सिंह धोनी और सीएसके के लिए आईपीएल 2025 कुछ खास नहीं रहा. इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 10वें नंबर पर रही.

इसी के साथ धोनी के आईपीएल से रिटायर होने की अटकलें भी लगाई जाने लगीं. लेकिन अब सीएसके के मालिक ने इन सभी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है. काशी विश्वनाथन का कहना है कि एमएस धोनी आईपीएल का अगला सीजन जरूर खेलेंगे. प्रोवोक लाइफस्टाइल के यूट्यूब चैनल से एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें एक बच्चा सीएसके के सीईओ से सवाल करता है कि क्या धोनी जल्दी ही रिटायर हो जाएंगे. तब काशी विश्वनाथन जवाब देते हैं कि 'धोनी रिटायर नहीं होंगे. मैं इस बारे में भी उनसे पूछूंगा और फिर आपको बताता हूं'. सीएसके मालिक ने टीम के अगले सीजन में परफॉर्म करने को लेकर कहा कि 'हम जीतने के लिए स्ट्रेटजी बना रहे हैं, लेकिन जीतेंगे या नहीं, इस बारे में नहीं पता है'.

### सीएसके के लिए बेकार रहा आईपीएल 2025

आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने अपना पहला टाइटल हासिल किया. वहीं चेन्नई सुपर किंग्स की सबसे आखिर में 10वें नंबर पर रही. इस सीजन एमएस धोनी के बल्ले से भी रन देखने को नहीं मिले. धोनी ने आईपीएल 2025 में खेले 14 मैचों की 13 पारियों में 24.50 की औसत से 196 रन बनाए. धोनी का आईपीएल के 18वें सीजन में बेस्ट स्कोर नाबाद 30 रन रहा.

# वीनस विलियम्स की ऑकलैंड क्लासिक में होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स न्यूजीलैंड में होने वाले ऑकलैंड क्लासिक 2026 में वापसी करेंगी। उन्हें इस डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विलियम्स 16 महीने के ब्रेक के बाद 2025 के बीच में प्रतियोगिता में लौटीं। उन्होंने वाशिंगटन में वर्ल्ड नंबर 35 पेटन स्टर्न्स पर यादगार जीत के साथ वापसी की, जहां वह टूर-लेवल पर महिलाओं के एकल में जीत हासिल करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। इसके बाद उन्हें एकल और युगल में यूएस ओपन के लिए वाइल्डकार्ड मिला। एकल में उन्होंने पहले राउंड में चेक गणराज्य की 11वीं सीड कैरोलिना मुचोवा को तीन सेट तक टक्कर दी और कनाडाई उभरती हुई स्टार लेयला फर्नांडीज के साथ युगल में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं थी। ऑकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट के डायरेक्टर निकोलस लैम्पेरिन ने कहा, 'वीनस का महिला टेनिस के विकास पर गहरा असर रहा है और उनके खेल के प्रति अटूट जुनून ने अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी खेल प्रेमियों को खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक को एक्शन में देखने का यह मौका नहीं छोड़ना चाहिए।' ऑकलैंड क्लासिक पांच से 11 जनवरी 2026 तक चलेगा। यह18 जनवरी से शुरू होने वाले 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट होगा।

फीडे विश्व कप शतरंजः

## अर्जुन की जीत से शुरुआत , गुकेश - प्रज्ञानन्दा नें खेला ड्रॉ

**गोवा, एजेंसी।** फीडे विश्व कप 2025 के दूसरे राउंड की पहली बाजी से सारे दिग्गज वरीय खिलाड़ी विश्व कप के अपने अभियान को आरंभ करते नजर आए, पहले बोर्ड पर विश्व चैम्पियन डी गुकेश और उज्बेकिस्तान के नोगेरबेक कायबेक की बाजी की पहली चाल चलकर उदघाटन करने के लिए खुद मेजबान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद पहुंचे ।

गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से केटालन ओपनिंग खेलते हुए अपने अभियान की शुरुआत की और मध्य खेल तक उनके मोहोरे बेहद सक्रिय तो नोगेरबेक के मुश्किलों मे नजर आ रहे थे पर खेल की 29वीं चाल में गुकेश से भूल हुई और उन्होने अपने ऊंट की काले के ऊंट से अदला बदली स्वीकार करते हुए नोगेरबेक को वापसी का मौका दे दिया और 84 चालों तक



चली यह मैराथन बाजी बेनतीजा रही । प्रज्ञानन्दा को भी औस्ट्रेलिया के टेमुर कुयबोकोरोव नें ड्रॉ पर रोक लिया , हालांकि दूसरे वरीय भारत के अर्जुन एरीगैसी नें अपने अभियान को जीत से आरंभ किया , अर्जुन नें बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव पर जीत दर्ज की , उन्होने काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में 42 चालों में जीत दर्ज की ।

अन्य खास मुकाबलों में जर्मनी के विश्व नंबर चार विंसनेट केमर नें रूस के व्लादिसलाव कोवलेव को हराया तो अनुभवी खिलाड़ियों में अजरबैजान के शाकिरयार ममेद्यारोव नें हंगरी के कांटोर ग्रिगेली को , फ्रांस के मकसीम लागरेव नें भारत के सूर्या शेखर गांगुली को और अर्मेनिया के लेवान आरोनियन नें एक रोमांचक मुक़ाबले में भारत के अरोण्यक घोष को पराजित किया ।